दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



चेहरे की खूबसूरती बढाने के लिए.....
इन घरेलू और आसान उपाय से .....

वर्ष : 10 | अंक : 157 | लखनऊ, 17 मई, शुक्रवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# जेल जाकर केजरीवाल की बुद्धि फिर गई है : योगी आदित्यनाथ

- ठेकेदार व उसके कर्मचारियों पर चोरी का संदेह जता पीड़ित ने की शिकायत, मुकदमा दर्ज
- सीएम योगी ने हमीरपुर-महोबा लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को किया संबोधित
- दिल्ली के सीएम पर यूपी के मुख्यमंत्री ने किया जोरदार पलटवार
- अन्ना के सपनों पर पानी फेरने वाले मेरा नाम लेकर बातें कर रहे
- अन्ना ने जिस कांग्रेस के खिलाफ आंदोलन किया, केजरीवाल ने उसे गले का हार बना लिया : योगी
- 10 साल में बदल गया बुंदेलखंड, अगले 5 साल में होगा कायाकल्प
- कुछ माफिया-डकैत मिट्टी में मिल गये, कुछ तख्ती लटकाकर घूम रहे : योगी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

बांदा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के बयानों पर तगड़ा पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि केजरीवाल की बुद्धि जेल जाने के बाद फिर गई है। अन्ना हजारे के सपनों पर पानी फेरने वाले केजरीवाल अब मेरा नाम लेकर बातें कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि अन्ना ने जिस कांग्रेस के खिलाफ आंदोलन किया था, केजरीवाल ने उसे ही अपने गले का हार बना लिया है। सीएम योगी गुरुवार को यहां तिंदवारी में हमीरपुर-महोबा लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां से पार्टी प्रत्याशी पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल के लिए जनता से वोट की अपील की।



## अब ये फिर से दिल्ली वालों को खांसने के लिए मजबूर कर देंगे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि जेल जाकर उन्हें पता चल गया है कि अब वह कभी जेल के बाहर नहीं आने वाले हैं। उन्होंने अन्ना हजारे के सपनों पर पानी फेरने का काम किया है। इस पाप के लिए अन्ना हजारे उन्हें कभी माफ नहीं कर सकते। आम आदमी पार्टी ने सत्ता में पहुंचकर अपने ईद-गिर्द भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा लगा दिया है। अन्ना दुखी होते होंगे कि मेरे आंदोलन की उपज किस प्रकार की राजनीति करते हैं। केजरीवाल के जेल में होने से दिल्लीवासी खुश थे कि कम से कम उनकी खांसी बंद थी, अब ये फिर से दिल्ली वालों को खांसने के लिए मजबूर कर देंगे।

## सपा और कांग्रेस इन माफिया और डकैतों की संरक्षक रही है

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि तिंदवारा विधानसभा देश का इतिहास लिखने वाला क्षेत्र है। इस विधानसभा ने प्रदेश को मुख्यमंत्री और देश को प्रधानमंत्री भी दिया है। जब यहां कार्यक्रम करने के लिए मुझसे कहा गया तो मैं खुद को रोक नहीं पाया। उन्होंने कहा कि आज से 10 साल पहले का बुंदेलखंड और आज के बुंदेलखंड में जमीन आसमान का अंतर है। पहले यहां माफिया हावी थे, खनन माफिया, भू माफिया, जंगल माफिया और डकैतों का आतंक था। सपा और कांग्रेस इन माफिया और डकैतों की संरक्षक रही है। ये लोग ऐसे तत्वों को यहां से जनप्रतिनिधि बनाकर भेजते थे, फिर यही माफिया और डकैत जनता का शोषण करते थे और संसाधनों पर डकैती डालते थे। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर बुंदेलखंड के युवाओं को पलायन करना पड़ता था, बेटियों, बहनों को मीलों दूर सिर पर मटकी रखकर पानी लाने को मजबूर होना पड़ा।

## हम नोएडा और ग्रेटर नोएडा से भी विकसित सिटी यहां बसाने जा रहे

सीएम योगी ने कहा कि 10 साल में आपने बुंदेलखंड को बदलते देखा है। अभी ये शुरूआत है। बुंदेलखंड फिर से देश को लीड करेगा। अब यहां पानी के लिए बेटी और बहन को मीलों नहीं जाना होगा। अब हर घर में नल होगा और नल में जल होगा वो भी आरओ का। कनेक्टिविटी के लिए हर सड़क को टू लेन और फोर लेन बनाया जा रहा है। पर्यटन स्थलों का विकास किया जा रहा है। डिफेंस कॉरीडोर को ऐसा बनाएंगे कि जब हमारा जवान सीमा पर तोप दागेगा तो उसपर लिखा होगा मेड इन बांदा। अबतक यहां का नौजवान नौकरी के लिए भटकता था। अगले 5 साल बाद दुनिया यहां नौकरी मांगने आएगी। झांसी से लेकर चित्रकूट, महोबा, हमीरपुर और बांदा को जोड़ते हुए हम नोएडा और ग्रेटर नोएडा से भी विकसित सिटी यहां बसाने जा रहे हैं।

## इन्हें एक एक वोट के लिए तरसा देना चाहिए

सीएम ने कहा कि जिन्होंने बुंदेलखंड को पानी और विकास के लिए तरसाया, बहन बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने का काम किया, नौजवानों की नौकरी पर डकैती डाली, संसाधनों को लूटा खसोटा, इन्हें एक एक वोट के लिए तरसा देना चाहिए। इनकी जमानत जब्त होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सपा, कांग्रेस, आप, आरजेडी सभी एक ही थैले के चट्टे बट्टे हैं। सत्ता में आते हैं तो आम आदमी का खून चूसते हैं। ये हमारा सौभाग्य है कि हमने बदलते भारत को देखा है। देश आज दुनिया में अपनी प्रतिष्ठा बढ़ा रहा है। गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाएं चला रहा है। 500 साल बाद भगवान राम विराजमान हुए हैं। उन्होंने कहा कि राम वन के लिए निकले तो चित्रकूट और बुंदेलखंड को चुना। निषादराज जिसके लिए तरसते रहे वो राम फिर से विराजमान हो गये हैं।

## आपका वोट रामद्रोहियों के लिए नहीं होना चाहिए

सीएम योगी ने कहा कि जिसने भी कमल को वोट दिया है वह हर परिवार अयोध्या में राममंदिर का श्रेय ले सकता है। ये पुण्य आपके साथ जुड़ गया है। उन्होंने कहा कि आपका वोट पापाचारियों, अत्याचारियों, भ्रष्टाचारियों और रामद्रोहियों के लिए नहीं होना चाहिए। आपके वोट ने भारत को आतंकवाद, नक्सलवाद, माफिया और डकैतों से मुक्त किया है। वोट आपका है, देश आपका है और फैसला भी आपका है। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री रामकेश निषाद, राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद, बांदा जिलाध्यक्ष संजय सिंह, हमीरपुर विधायक डॉ मनोज प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 42.c |
| न्यूनतम तापमान | 26.c |

### बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 5848/ g |
| चांदी | 75.50/ g |
| सेंसेक्स | 73,878.15 |
| निफ्टी | 22,475.85 |

# जो महंगाई पहले डायन थी, अब महबूबा हो गई है

- तेजस्वी का भाजपा पर वार, बोले- पीएम मोदी से नहीं चलता देश

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) तेजस्वी यादव ने प्रधान मंत्री पर ₹देश को बर्बाद करने₹ का आरोप लगाया है। पत्रकारों से बात करते हुए, तेजस्वी यादव ने यह भी कहा कि मुद्रास्फीति और देश में बेरोजगारी बढ़ रही है। तेजस्वी यादव ने कहा कि पीएम मोदी ने देश को बर्बाद कर दिया। महँगाई, बेरोजगारी और गरीबी बढ़ा दी। मोदीजी से देश चला नहीं उल्टा दूसरे को सिखा रहे हैं।

इससे पहले बुधवार को, तेजस्वी यादव ने मूल्य वृद्धि के मुद्दे पर केंद्र में भाजपा सरकार की आलोचना की, उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि मुद्रास्फीति, जो एक समय यूपीए शासन के दौरान भगवा पार्टी के लिए एक बड़ी चिंता थी, अब कुछ ऐसी चीज बन गई है जिससे वे सहज महसूस करते हैं। जैसे ही एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1,200 के पार हो गई, तेजस्वी यादव ने चुटकी ली कि जो कभी डायन थी वह अब महबूबा (प्रिय) बन गई है क्योंकि उन्होंने मुद्रास्फीति के बारे में बात की थी।

# देश चलाना सोने की चम्मच लेकर पैदा हुए बच्चों का खेल नहीं

## पीएम मोदी का राहुल पर वार, बोले- गर्मी की छुट्टियों पर विदेश निकल जाएंगे शहजादे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश के अलग-अगल हिस्सों में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये एनडीए की स्थिर सरकार को हटाना चाहते हैं, लेकिन इनका (इंडी अलायंस) सरकार चलाने का फॉमूर्ला है- हर साल एक नया पीएम। ये चाहते हैं कि भानुमति का कुनबा जोड़ने वालों को लूट का बराबर मौका मिले। ये आपको मंजूर है क्या? मोदी ने लोगों से साफ तौर पर कहा कि सपा-कांग्रेस से सावधान रहने की जरूरत है।

मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग देश को बदहाल बनाकर सत्ता से गए थे। 2014 से पहले देश को इन्होंने तबाह कर दिया था, बर्बाद कर दिया था, हर क्षेत्र में लूट मची थी, देश निराशा के गर्त में डूबा हुआ था। उन्होंने कहा कि जब 2014 में आपने हमें मौका दिया तो पहले कुछ समय इनके गड्ढों को भरने में लग गया। ये भारत की अर्थव्यवस्था को 11वें नंबर पर छोड़कर गए थे, हम इसे 5वें नंबर पर लाए, लेकिन जब हम तीसरी बार सरकार बनाएंगे तो भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे... ये मोदी की गारंटी है।



राहुल गांधी और अखिलेश पर वार करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इन शहजादों को ना मेहनत की आदत है और ना ही नतीजे लाने की... इसलिए ये कहते हैं देश का विकास अपने आप होगा... देश का विकास खटाखट होगा। ये सोचते हैं कि भारत आत्मनिर्भर अपने आप बन जाएगा और पूछो तो कहते हैं- खटाखट...खटाखट। ये कहते हैं कि भारत की गरीबी हम दूर कर देंगे- खटाखट...खटाखट। लेकिन अब इनको मालूम होना चाहिए कि रायबरेली की जनता भी खटाखट... खटाखट भेजेगी घर। अमेठी से गए और अब ये रायबरेली से भी जाएंगे। देश चलाना, सोने की चम्मच लेकर पैदा हुए बच्चों का खेल नहीं है।

उन्होंने कहा कि शहजादे चाहे लखनऊ वाले हों या दिल्ली वाले... गर्मी की छुट्टियों पर विदेश निकल जाएंगे- खटाखट... खटाखट। और मैं गारंटी देता हूं कि आपकी सेवा के लिए दिन-रात एक करके काम करूंगा। मेरा पल-पल आपके नाम, मेरे शरीर का कण-कण आपके नाम। उन्होंने कहा कि यूपी का विकास, देश का भविष्य आपके एक वोट से तय होगा। आप संगमलाल जी को भारी बहुमत से विजयी बनाइए। आपका एक-एक वोट मोदी की ताकत बढ़ाएगा। इसलिए ज्यादा से ज्यादा मतदान करिए और मतदान के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दीजिए। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में यूपी में वन डिस्ट्रिक्ट-वन माफिया चलता था।

## संक्षिप्त समाचार

### रजिस्ट्रेशन किए बिना नहीं मिलेगी यात्रा के लिए एंट्री, रह जाएंगे दर्शन करने से वंचित

नई दिल्ली, उत्तराखंड में चार धाम यात्रा इन दिनों जारी है, जिसके लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए सरकार भी एक्शन मोड में आ गई है। यही कारण है कि चार धाम यात्रा को लेकर खास बैठक की गई है। इस बैठक में मुख्य सचिव द्वारा तय हुआ है कि रजिस्ट्रेशन के बिना किसी श्रद्धालु को चारधाम की यात्रा के लिए एंट्री नहीं दी जाएगी। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के कारण चार धाम यात्रा में काफी अधिक भीड़ हो गई है। अधिक भीड़ के कारण अव्यवस्था पैदा हो रहा है। इस व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए दो दिन के लिए रजिस्ट्रेशन बंद किए गए है। रजिस्ट्रेशन इसलिए बंद हुए हैं ताकि वर्तमान यात्री यात्रा में आगे बढ़ सकें और भीड़ कम हो सके।

### हर जगह होगी सख्त चेकिंग

मुख्यमंत्री के सचिव ने आदेश दि एहैं कि बैरियरों और अन्य जगहों पर चेकिंग होगी। घोड़ा खच्चर, डंडी कंडी भी बिना पंजीकरण के संचालित नहीं हो सकेंगे। गैर पंजीकृत घोड़ा खच्चरों के संचालन पर प्रभावी रूप से रोक लगाई गई है। सचिव के मुताबिक रिकॉर्ड यात्री पहुंचेगे। यात्रा मार्ग पर लगातार जाम और दबाव भी बढ़ता जा रहा है। उनका कहना है कि रजिस्ट्रेशन के बिना किसी श्रद्धालु को धाम में जाने नहीं दिया जाएगा। बैरियर पर भी सख्ती बरती जाएगी। सख्त निर्देश दिए गए हैं कि बैरिकेड पर भी जांच पड़ताल की जाएगी। जिन यात्रियों और वाहनों के पास रजिस्ट्रेशन नहीं होगा उन्हें यात्रा पर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बिना रजिस्ट्रेशन के आए वाहनों पर भी कार्रवाई होगी।

# पहले चार चरणों में 66.95 प्रतिशत हुई वोटिंग

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, चुनाव आयोग ने मौजूदा लोकसभा चुनाव के पहले चार चरणों में 66.95% के भारी मतदान की घोषणा की। लगभग 45.10 करोड़ मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करने के साथ, चुनाव पैनल ने शेष चरणों में निरंतर भागीदारी के महत्व पर जोर दिया। उत्साहजनक मतदान के जवाब में, चुनाव आयोग ने मतदाताओं से आगामी चरणों में अपनी सक्रिय भागीदारी जारी रखने का आग्रह किया। मतदाताओं को सूचित करने, प्रेरित करने और



सुविधा प्रदान करने के प्रयास तेज हो गए हैं, राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को उन्नत उपाय लागू करने का निर्देश दिया गया है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में साझेदारी और सहयोग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विभिन्न संस्थानों, प्रभावशाली लोगों और मशहूर हस्तियों की उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया के लिए सराहना व्यक्त की, जो सक्रिय रूप से मतदाता भागीदारी को बढ़ावा देने में लगे हुए हैं। 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की कुल 379 सीटों पर शुरूआती चरण में मतदान हो चुका है। कुमार ने इस बात पर प्रकाश डाला कि उच्च मतदान प्रतिशत दुनिया को भारतीय लोकतंत्र की ताकत के बारे में एक शक्तिशाली संदेश देगा।

उन्होंने मतदाताओं से मतदान दिवस को केवल छुट्टी के रूप में नहीं बल्कि लोकतंत्र का जश्न मनाने के अवसर के रूप में देखने का आग्रह किया। बैंकों, डाकघरों और दूरसंचार प्लेटफार्मों सहित विभिन्न निजी और सार्वजनिक संस्थाएं पंजीकृत मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए अपने सार्वजनिक इंटरफेस का लाभ उठा रही हैं। इन आउटरीच प्रयासों का उद्देश्य मतदाता भागीदारी को बढ़ाना और एक मजबूत लोकतांत्रिक प्रक्रिया सुनिश्चित करना है।

# मायावती ने गरीबों को मुफ्त राशन देने के मुद्दे पर भाजपा पर निशाना साधा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि वह जनता के कर के धन से गरीबों को दिए जा रहे मुफ्त राशन का श्रेय ले रही है। मायावती ने एक्स पर कहा, देश के लोगों को बढ़ती महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी व पिछड़ेपन आदि के अभिशाप से मुक्त करना तो दूर उन्हें रोक पाने में विफलता के कारण गरीबों को थोड़ा राशन देने को भी भाजपा एण्ड कम्पनी के लोग



चुनाव में भुनाने पर तुले हैं, जो उचित नहीं क्योंकि यह मेहरबानी नहीं है। उन्होंने कहा, लोगों को यह थोड़ा मुफ्त राशन भाजपा/सरकार का उपकार नहीं, बल्कि लोगों द्वारा सरकार को दिये गये टैक्स का ही धन है। अतः इसके बदले वोट मांगकर गरीबों का मजाक उड़ाना अशोभनीय है।

# अमित शाह होंगे मोदी के वारिस, योगी को हटा देंगे: केजरीवाल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊः लखनऊ के दौरे पर आए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता की इस दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा. दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, आज लखनऊ में मैं उत्तर प्रदेश के मतदाताओं से इंडिया गठबंधन को वोट करने के लिए अपील करने आया हूं। मैं 4 बातें रखना चाहता हूं- 1) इस चुनाव में पीएम मोदी अपने लिए नहीं अमित शाह के लिए वोट मांग रहे हैं, 2) अगर ये लोग जीत गए तो योगी आदित्यनाथ को 2-3 महीने में सीएम पद से हटा दिया जाएगा, 3) अगर ये जीत गए तो इनकी पूरी तैयारी है कि ये संविधान बदलकर एससी, एसटी, ओबीसी का आरक्षण खत्म कर देंगे और 4) देश



भर से जो आंकड़े आ रहे हैं वह दिखा रहे हैं कि 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने वाली है... अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हरियाणा पंजाब कर्नाटक बंगाल झारखंड राजस्थान में बीजेपी की सिम काम हो रही हैं इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बीजेपी चुनाव हार रही है वहीं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा की देश के चुनावी माहौल में बीजेपी चित्त हो चुकी है बीजेपी आरक्षण पर हमला करेगी और उसकी 143 सीटें ही आ रही हैं साथ उन्होंने कहा कि बीजेपी वाले झूठ की यूनिवर्सिटी खोलेंगे सपा अध्यक्ष ने कहा कि इंडिया गठबंधन चुनाव जीत रहा है और बीजेपी हार रही है

# सीतामढ़ी में बनाएंगे भव्य सीता मंदिर : अमित शाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली,केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 16 मई को कहा कि भाजपा बिहार के सीतामढी में देवी सीता का मंदिर बनाएगी। उन्होंने कहा कि हम, भाजपा 'वोट बैंक' से नहीं डरते। केंद्रीय मंत्री ने बिहार के सीतामढी में एक रैली में कहा, पीएम मोदी ने अयोध्या में राम लला का मंदिर बनाया है, अब जो काम बचा है वह मां सीता के जन्मस्थान पर एक महान स्मारक बनाना है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने खुद को राम मंदिर से दूर रखा वे ऐसा नहीं कर सकते, लेकिन अगर कोई मां सीता के जीवन जैसा आदर्श मंदिर बना सकता है तो वह नरेंद्र मोदी हैं, वह भाजपा है। दरअसल, अमित शाह मां जानकी की जन्मस्थली सीतामढ़ी में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

देवी सीता मंदिर के लिए शाह की वकालत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस साल जनवरी में अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक समारोह की अध्यक्षता करने के महीनों बाद आई है। अपने



भाषण में, शाह ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद की आलोचना की, जिनकी पार्टी विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक की सदस्य है। वहीं, मधुबनी में उन्होंने कहा कि मोदी जी ने अभी-अभी कपूर्री ठाकुर जी को भारत रत्न का सम्मान दिया। कपूर्री ठाकुर जी ने न केवल बिहार, बल्कि पूरे देश के दलित, वंचित, आदिवासी, पिछड़ों, माताओं और किसानों की आवाज बुलंद करने का काम किया।

अमित शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी जी देश के सबसे पहले अति पिछड़े प्रधानमंत्री हैं। 50-60 के दशक में एक चर्चा चलती थी कि लोहिया जी की थ्योरी देश में चलेगी या नहीं। मैं आज लोहिया जी को प्रणाम करके कहना चाहता हूं कि अति पिछड़े प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को सबसे ज्यादा आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि ये इंडी अलायंस वाले कह रहे थे कि जम्मू-कश्मीर से 370 मत हटाओं, वहां खून की नदियां बह जाएंगी। मैं इन्हें बताना चाहता हूं कि खून की नदियां तो छोड़ो, किसी की कंकड़ चलाने की भी हिम्मत नहीं है।

गृह मंत्री ने कहा कि ये इंडी अलायंस वाले आज कहते हैं कि ढङ्गङ की बात मत करिए, पाकिस्तान के पास एटम बम है। मैं इन्हें कहना चाहता हूं कि पाकिस्तान के एटम बम से आप डरों, मोदी जी के नेतृत्व में भारत इतना मजबूत है कि किसी को भी एटम बम से डरने की जरूरत नहीं है। मैं आज यहां से कहकर जाता हूं कि ये पीओके हमारा है और हम इसे लेकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि कोसी नदी ने हमारे मिथिलांचल को दो हिस्सों में बांटा था। अटल जी ने पुल बनाकर इसको जोड़ा और मोदी जी ने रेलवे लाइन बनाकर इसे एक करने का काम किया।

## संक्षेप

### प्रदेश का सबसे गर्म शहर बना आगरा, आसमान से बरस रही आग

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है। बीते कई दिनों से तापमान में कमी देखी जा रही थी लेकिन अब फिर से तापमान ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। आने वाले चार-पांच दिनों में तापमान 45 पार जा सकता है। आइए जानते हैं कि आज गुरुवार को यूपी का मौसम कैसा रहेगा।

#### आगरा में पारा 44 पार

आगरा में बुधवार को शहर में आसमान से आग बरसी। दोपहर में सूरज के तेवर तल्ख हुए तो त्वचा झुलस उठी। अधिकतम तापमान एक बार फिर 44 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। प्रदेश में आगरा सबसे गरम शहर रहा। आगामी दिनों में शहरवासियों को तापमान वृद्धि होने व लू चलने से परेशानी का सामना करना पड़ेगा। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि गुरुवार को आसमान साफ रहेगा। अधिकतम व न्यूनतम तापमान यथावत रहेंगे। मौसम विज्ञानी मो. दानिश ने बताया कि 17 मई से अधिकतम व न्यूनतम तापमान में वृद्धि देखने को मिलेगी। अधिकतम तापमान बढ़कर 45 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचेगा। दोपहर में लू चलेगी। बरेली में गुरुवार को मौसम साफ रहने का अनुमान है। गोरखपुर में गुरुवार को मौसम पूरी तरह साफ रहेगा। तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। देवरिया और बस्ती में भी मौसम साफ रहने का का पूवार्नुमान है।

#### कानपुर में सूर्यदेव की तपिश ने लोगों को झुलसाया

मई माह आधा बीत चुका है। कानपुर शहरवासियों को सूर्य देव की तपिश झुलसा रही है और गरम हवा के थपेड़े सता रहे हैं। कमोबेश यही अहसास बुधवार को भी हुआ। दिन में तेज तपिश और गरम हवा चलने से सड़क पर निकले परेशान नजर आए। सीएसए के मौसम विज्ञानी ने अगले चार दिनों में दिन और रात का पारा चढ़ने से मौसम में गर्मी बढ़ने के संकेत दिए हैं। आंबेडकरनगर में नरेंद्रदेव कृषि विश्व विद्यालय के मौसम विज्ञानी डा. अमरनाथ मिश्र ने बताया कि गुरुवार को बादल छाए रहेंगे। वर्षा होने संभावना नहीं है।

# लखनऊ की जनता राजनाथ सिंह को 5 लाख वोटों से जिताएगी - डॉ. राजेश्वर सिंह

● राजनाथ सिंह के प्रयासों से लखनऊ में बन रहा आउटर रिंग रोड, नए फ्लाईओवर, नए रेल व एयरपोर्ट टर्मिनल – डॉ. राजेश्वर सिंह

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर लखनऊ। वृहस्पतिवार को सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने महानगर स्थित शालीमार गैलेंट में आयोजित चाय पर चर्चा कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता हिस्सा किया। इस कार्यक्रम में भाजपा एमएलसी राम चंद्र प्रधान एवं युवा भाजपा नेता नीरज सिंह भी राजेश्वर सिंह के साथ रहे। इस दौरान डॉ. सिंह ने देश, प्रदेश और लखनऊ में हुए बदलावों के बारे में विस्तार से चर्चा की।

सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने लखनऊ की प्रगति में राजनाथ सिंह के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि लगातार सड़कें,एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट टर्मिनल, मेट्रो विस्तार, फ्लाईओवर, रिंग रोड, रेलवे ओवर ब्रिज और अस्पतालों का विकास हो रहा है। विधायक ने उपस्थित जनसमूह से राजनाथ सिंह को 5 लाख वोटों से जिताने की अपील की।

सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने राष्ट्रीय सुरक्षा से सम्बंधित आंकड़े प्रस्तुत करते देश की सीमाओं की सुरक्षा पर जोर दिया। डॉ. सिंह ने कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत सरकार आवश्यक है। भारत देश बांग्लादेश के साथ 4000 किमी, पाकिस्तान के साथ 3200 किमी, चीन के साथ 3500 किमी और म्यांमार के साथ 1600 किमी तक फैली संवेदनशील सीमाएं साझा करता है। साथ ही उन्होंने बताया कि अमेरिका में तालिबान सत्ता आने से पहले करीब 58 हजार करोड़ के सैन्य उपकरण छोड़ दिए हैं, म्यांमार में अस्थिरता के कारण घुसपैठ की घटनाएं सामंने आयी हैं, इन परिस्थितयों में देश में पूर्ण बहुमत वाली एक मजबूत सरकार रहनी जरुरी है।

विधायक ने आगे जोड़ा कि कश्मीर में धारा 370 हटाने से वामपंथी उग्रवाद की घटनाओं में 76% की कमी आई। सीमा पार आतंकवाद पर अंकुश लगाने के लिए सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमले किए गए।

सरोजनीनगर विधायक ने पिछले 10 साल में हुई आर्थिक प्रगति की चर्चा करते हुए कहा की देश आज दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, वित्तवर्ष 2021-22 में भारत को 83.57 बिलियन अमेरिकी डॉलर (6.9 लाख करोड़) का उच्चतम वार्षिक एफडीआई इनफ्लो प्राप्त हुआ। भारत का निर्यात हर साल बढ़ रहा है जो पीएम मोदी के कार्यकाल में 34 लाख करोड़) से बढ़कर 64 लाख करोड़ तक पहुँच गया, 6.9 लाख करोड़ के साथ यूएस शीर्ष निर्यात गंतव्य है। उन्होंने आगे जोड़ा कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर लगातार आगे बढ़ रहा है, आज देश की जीडीपी में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का योगदान 17% तक पहुँच गया है। 2025 तक इसे 25% तक पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है। वर्ष 2023 में रक्षा उत्पादन 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया, 2028-29 तक इसे 3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भारत 80वें रैंक से बढ़कर 40वें पायदान तक पहुँच गया, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में भारत 142वें से 63वें स्थान तक पहुंचा है। पर्यावरण प्रदूषण से जुड़े आंकड़े प्रस्तुत करते हुए विधायक ने कहा कि सौर पैनलों को बढ़ावा, इथेनॉल मिश्रण ईंधन को बढ़ावा, प्लास्टिक प्रतिबंध, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, अमृत सरोवर और हर घर नल जैसी योजनाएं उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं।

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार द्वारा किये गए कार्यों की चर्चा करते हुए डॉ. सिंह ने कहा की यूपी अब निवेश का एक सुरक्षित गंतव्य है। बसपा और सपा के शासनकाल में, यूपी में क्रमशः 364 और 700 दंगे हुए, 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में निवेश लाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन आज मशहूर ब्रिटिश आग्नेयास्त्र कंपनी वेब्ले एंड स्कॉट की रिवॉल्वर यूपी में बन रही है, रूस में बनी एके राइफल के नवीनतम संस्करण, ब्रह्मोस मिसाइल और बड़े विमान सब यूपी में ही बनने जा रहे हैं, यह सब इसलिए संभव है क्योंकि सरकार निवेशकों को सुरक्षा प्रदान कर रही है। बिजनेस करने में यूपी की ईज ऑफ डूइंग रैंक 14वें से सुधरकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। योगी के शासनकाल में जीएसडीपी वृद्धिः 12.89 लाख करोड़ से बढ़कर 25 लाख करोड़ तक पहुँच गयी। 2024-25 में सरकार ने 7.36 लाख करोड़ का सबसे बड़ा राज्य बजट प्रस्तुत किया, युगी जी के दूरदर्शी और कुशल नेतृत्व के परिणामस्वरूप अब यूपी के युवाओं को रोजगार के लिए कहीं और जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

विपक्षी गठबंधन पर हमला बोलते हुए सरोजनी नगर विधायक ने कहा कि उनकी विचारधारा सनातन संस्कृति के खिलाफ है, डीएमके और सपा नेताओं के सनातन, रामचरित मानस का अपमान किया, कांग्रेस द्वारा जाति जनगणना, विरासत कर की बात करना तुष्टिकरण की राजनीति की परकाष्ठा है। एनसीडीसी केंद्र, ब्रह्मोस मिसाइल प्लांट, राष्ट्रीय फोरेंसिक प्रयोगशाला, नौसेना शौर्य संग्रहालय, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भवन की स्वीकृति से सरोजनी नगर को राष्ट्रीय पहचान मिल रही है। प्रदेश के पहले इलेक्ट्रिक बस प्लांट को स्वीकृति मिली जिसमें प्रतिवर्ष 2500 बसों का निर्माण होगा, एससीआरके गठन, एयरो सिटी और एआई सिटी की स्थापना का कार्य भी आगे बढ़ रहा है, यह हमारा कर्तव्य है कि इसे तेजी से बढ़ते हुए देखें और फिर से पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार को चुनें। इस दौरान भारत त्रिवेदी, संजय अग्रवाल, कपिल, दीपक सिंह, अजय गुप्ता, अजय सिंह, बालेश्वर त्यागी, राजेश सिंह चौहान, शिव शंकर अवस्थी, शंकरी सिंह व अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

## आपदा प्रबंधन पर एनडीआरएफ ने लगाई प्रदर्शनी



**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ (सूचना विभाग) आर्मी के सेंट्रल कमांड मुख्यालय में एक दिवसीय आपदा प्रबंधन के समन्वय का आयोजन हुआ जिसमें 11वी वाहिनी के डीआईजी श्री मनोज कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में एनडीआरएफ ने प्रदर्शनी लगाई जिसमें एनडीआरएफ ने अपने सभी प्रकार के आपदा बचाव कार्य हेतु उपयोग में आने वाले सभी प्रकार के उपकरणों के बारे में जानकारी दी। एनडीआरएफ की प्रदर्शनी के साथ साथ एसडीआरएफ ने, उत्तर प्रदेश फायर व आपात सेवा ने, एचएएल कंपनी ने भी अपने उपकरणों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में एनडीआरएफ के श्री अनिल कुमार पाल उप कमांडेंट, निरीक्षक राम सिंह के साथ तमाम अधिकारीगण एवम रेस्क्यूवर शामिल हुए।

## लोकबंधु अस्पताल के पीडिया वार्ड में महिला तीमारदार ने मचाया हंगामा

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। कानपुर रोड स्थित लोकबंधु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय के पीडिया वार्ड में बच्चे को लेकर भर्ती बच्चे की माँ ने सोमवार की रात जमकर हंगामा काटा।अंजली नाम की महिला विगत 12 मई से अपने बच्चे रूद्र को उल्टी बुखार दस्त के चलते पीडिया वार्ड में भर्ती कराई है। पीडिया वार्ड में भर्ती बच्चों के तीमारदारों ने आरोप लगाया है कि अंजली यादव अराजक तत्वों के साथ वार्ड में अन्य तीमारदारों से गाली गलौज कर अभद्र व्यवहार कर रही थी।जिसका विरोध करने पर उसने बाहर से अराजक तत्वों को बुलाकर पीडिया वार्ड में जमकर हंगामा काटा। यहां तक कि उसने वार्ड में भर्ती तीमारदारो के बच्चों को जान से मारने की भी धमकी दी। जिस वार्ड में महिला इमानदारो में भय व्याप्त हो गया और इस घटना की शिकायत अस्पताल प्रशासन से कर कार्यवाही की मांग की गई। घटना की जानकारी होते ही चिकित्सा अधीक्षक अजय शंकर त्रिपाठी ने वार्ड में भर्ती 5 बर्षीय रूद्र यादव को दूसरे वार्ड में शिफ्ट कर झगड़े को शांत कराया और इस घटना की लिखित सूचना कृष्णा नगर पुलिस को दी। किंतु वार्ड में महिला पुलिस के ना आने से तनाव की स्थिति बनी रही।चिकित्सा अधीक्षक अजय शंकर त्रिपाठी के मुताबिक पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया जिसके चलते भर्ती रूद्र यादव को डिस्चार्ज किए जाने के बाद भी रुद्र की मां अंजली यादव अस्पताल से जाने का नाम नहीं ले रही है। थाना पुलिस द्वारा कोई संतोष जनक कार्रवाई न होने पर इस बात की शिकायत चिकित्सा अधीक्षक अजय शंकर त्रिपाठी ने एसीपी कृष्णा नगर विनय कुमार द्विवेदी से की है। वहीं दूसरी तरफ रूद्र यादव की मां अंजली यादव ने बताया किमेरे ऊपर लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं।व्यक्तिगत बात को लेकर मैंने अपने पति पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी जिसे अन्य महिला तीमारदारो ने अपने ऊपर ले लिया। वही एसीपी कृष्णा नगर विनय कुमार द्विवेदी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जिसकी जांच कराई जा रही है।

## साइबर जालसाजों ने युवक से ठगे 1 लाख 97 हजार रुपये

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। आलमबाग कोतवाली इलाके में रहने वाले युवक से साइबर जालसाजों ने 1 लाख 97 हजार रुपये ठग लिए।जिसका एहसास होने पर पीडित ने स्थानीय थाने में पुलिस से शिकायत की है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी शिव शंकर महादेवन ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित सूद अपार्टमेंट, चंदर नगर निवासी अपूर्व सक्सेना पुत्र मनोज सक्सेना के अनुसार उन्होंने टेलीग्राम पर मैसेज ग्रुप वर्किंग ग्रूप एच 099 के नाम से बनाया था जिस पर ट्रेड करने और स्क्रीनशट भेजना का मैसेज आते थे और पैसे भेजने के मैसेज दूसरी आईडी से आते थे। शुरू में पीडित को 1000 भेजने पर 1200 रुपए वापस उसके खाते में आ जाते थे। लेकिन बीते 18 अप्रैल 2024 को 5000 रुपये भेजने को बताया गया। फिर ग्रुप मैसेज द्वारा पीडित को 55,000 रुपये भेजने को कहा गया कि पीडित के खाते में वापस 60,000 रुपये देने को बताया गया। लेकिन जब वादी के खाते कोई रुपये नही आये तथा पुनः उस पर 99,000 रुपये और फिर 1,97,000 देने को बोला गया।जब वादी द्वारा पैसे देने से मना करने पर उक्त ग्रुप द्वारा बताया गया कि पीडित को कोई पैसा नही मिलेगा। जिस पर पीडित ने उक्त ग्रुप पर उसके बाद 1,97,000 रुपये जमा किया फिर बाद उनके द्वारा 2,70,000 रुपये माँगा गया जो वादी ने मना कर दिया।

## मतदाता जाग्रति कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। मतदाता जागृति कार्यक्रम का आयोजन गोमतीनगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के लोगो ने प्रतिभाग कर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील मतदाताओं से की। इस दौरान बृज क्षेत्र से आये रंगकर्मियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर मतदान के प्रति लोगो को आकृष्ट किया एलर्ट सिटीजन वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम आये इंट्रीगियाल इन्वर्सिटी के डायरेक्टर नीलांजन मुखर्जी ने मतदान की ताकत को बताते हुये कहा कि आपको सरकार बनाने की क्षमता मतदान प्रदान करता है इसलिये सभी को लोकतंत्र के इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिये।सचिव ओलंपिक संघ आनंदेश्वर पांडेय ने कहा कि लोकतंत्र का यह पावन पर्व है इस दिन को छुट्टी का दिन न समझ कर सबसे महत्वपूर्ण दिन मानकर घर से निकल कर मतदान करना चाहिये। आयोजक नीरज सिंह ने सभी का आह्वान करते हुये कहा कि इस पावन बेला में सभी लोग मतदान अवश्य करे। मतदान को लेकर मथुरा में विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा चुका है। हम निरंतर इसी प्रयास में है कि देश मे शत प्रतिशत मतदान हो।व्यापार मंडल के अमित गुप्ता व हिमांशु वार्ष्णेय ने पहले मतदान फिर जलपान पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में पराग दुग्ध संघ की चेयरमैन शिखा सिंह , वरिष्ठ अधिवक्ता विनय कुमार सिंह व राजेन्द्र गुप्ता पूर्व अधिषासी अभियंता आवास विकास के साथ शहर के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।


## लोकबंधु अस्पताल के पीडिया वार्ड में महिला तीमारदार ने मचाया हंगामा

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। कानपुर रोड स्थित लोकबंधु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय के पीडिया वार्ड में बच्चे को लेकर भर्ती बच्चे की माँ ने सोमवार की रात जमकर हंगामा काटा।अंजली नाम की महिला विगत 12 मई से अपने बच्चे रूद्र को उल्टी बुखार दस्त के चलते पीडिया वार्ड में भर्ती कराई है। पीडिया वार्ड में भर्ती बच्चों के तीमारदारों ने आरोप लगाया है कि अंजली यादव अराजक तत्वों के साथ वार्ड में अन्य तीमारदारों से गाली गलौज कर अभद्र व्यवहार कर रही थी।जिसका विरोध करने पर उसने बाहर से अराजक तत्वों को बुलाकर पीडिया वार्ड में जमकर हंगामा काटा। यहां तक कि उसने वार्ड में भर्ती तीमारदारो के बच्चों को जान से मारने की भी धमकी दी। जिस वार्ड में महिला इमानदारो में भय व्याप्त हो गया और इस घटना की शिकायत अस्पताल प्रशासन से कर कार्यवाही की मांग की गई। घटना की जानकारी होते ही चिकित्सा अधीक्षक अजय शंकर त्रिपाठी ने वार्ड में भर्ती 5 बर्षीय रूद्र यादव को दूसरे वार्ड में शिफ्ट कर झगड़े को शांत कराया और इस घटना की लिखित सूचना कृष्णा नगर पुलिस को दी। किंतु वार्ड में महिला पुलिस के ना आने से तनाव की स्थिति बनी रही।चिकित्सा अधीक्षक अजय शंकर त्रिपाठी के मुताबिक पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया जिसके चलते भर्ती रूद्र यादव को डिस्चार्ज किए जाने के बाद भी रुद्र की मां अंजली यादव अस्पताल से जाने का नाम नहीं ले रही है। थाना पुलिस द्वारा कोई संतोष जनक कार्रवाई न होने पर इस बात की शिकायत चिकित्सा अधीक्षक अजय शंकर त्रिपाठी ने एसीपी कृष्णा नगर विनय कुमार द्विवेदी से की है। वहीं दूसरी तरफ रूद्र यादव की मां अंजली यादव ने बताया किमेरे ऊपर लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं।व्यक्तिगत बात को लेकर मैंने अपने पति पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी जिसे अन्य महिला तीमारदारो ने अपने ऊपर ले लिया। वही एसीपी कृष्णा नगर विनय कुमार द्विवेदी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जिसकी जांच कराई जा रही है।

## साइबर जालसाजों ने युवक से ठगे 1 लाख 97 हजार रुपये

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। आलमबाग कोतवाली इलाके में रहने वाले युवक से साइबर जालसाजों ने 1 लाख 97 हजार रुपये ठग लिए।जिसका एहसास होने पर पीडित ने स्थानीय थाने में पुलिस से शिकायत की है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी शिव शंकर महादेवन ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित सूद अपार्टमेंट, चंदर नगर निवासी अपूर्व सक्सेना पुत्र मनोज सक्सेना के अनुसार उन्होंने टेलीग्राम पर मैसेज ग्रुप वर्किंग ग्रूप एच 099 के नाम से बनाया था जिस पर ट्रेड करने और स्क्रीनशट भेजना का मैसेज आते थे और पैसे भेजने के मैसेज दूसरी आईडी से आते थे। शुरू में पीडित को 1000 भेजने पर 1200 रुपए वापस उसके खाते में आ जाते थे। लेकिन बीते 18 अप्रैल 2024 को 5000 रुपये भेजने को बताया गया। फिर ग्रुप मैसेज द्वारा पीडित को 55,000 रुपये भेजने को कहा गया कि पीडित के खाते में वापस 60,000 रुपये देने को बताया गया। लेकिन जब वादी के खाते कोई रुपये नही आये तथा पुनः उस पर 99,000 रुपये और फिर 1,97,000 देने को बोला गया।जब वादी द्वारा पैसे देने से मना करने पर उक्त ग्रुप द्वारा बताया गया कि पीडित को कोई पैसा नही मिलेगा। जिस पर पीडित ने उक्त ग्रुप पर उसके बाद 1,97,000 रुपये जमा किया फिर बाद उनके द्वारा 2,70,000 रुपये माँगा गया जो वादी ने मना कर दिया।


## युवती की अश्लील फोटो बनाकर इंस्टाग्राम में वायरल करने की धमकी देकर मांगे बीस हजार रुपए

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर इलाके में रहने वाली एक युवती की इंस्टाग्राम आईडी पर चार दिन पहले एक जालसाज ने युवती की अश्लील और आपत्तिजनक फोटो बनाकर भेजने के साथ ही उनको वायरल करने की धमकी देते हुए उससे 20 हजार रुपये की रकम मांगी। जब युवती ने रकम देने से मना किया तो जालसाज ने युवती के दोस्तों की इंस्टाग्राम आईडी पर उक्त फोटो भेज दिए। जानकारी होने के बाद परेशान पीड़िता ने सरोजनीनगर थाने में मामला दर्ज कराया है। सरोजनीनगर इलाके में रहने वाली युवती का कहना है कि करीब 15 दिन पहले उसकी इंस्टाग्राम आईडी पर अपूर्वा विद्यार्थी नामक इंस्टाग्राम आईडी से एक मैसेज आया। जिसे अनजान होने के कारण युवती ने मैसेज को स्वीकार नहीं किया। लेकिन युवती का कहना है कि बीती 12 मई को उसकी दोस्त का मैसेज आया। जिसमें उसने कहा कि अपूर्व विद्यार्थी ने उससे कहा है कि उसकी दोस्त के पास मेरा मैसेज पेंडिंग है। उससे कह दीजिए कि वह मुझसे बात कर ले, बहुत जरूरी है। पीड़िता का कहना है जब उसकी दोस्त ने बताया तो पीड़िता ने अपूर्वा विद्यार्थी वाली आईडी पर बात शुरू की। तभी पीड़िता के मोबाइल नंबर व उसकी इंस्टाग्राम आईडी पर अपूर्वा 0061 आईडी से पीड़िता की अश्लील व आपत्तिजनक फोटो बनाकर भेजी गई। साथ में उन फोटो को वायरल करने की धमकी देते हुए पीड़िता से 20 हजार रुपये की मांग की गई। आरोपी ने धमकी दी कि अगर रुपए नहीं दिए तो उसकी फोटो को वायरल करने के साथ ही उसे बदनाम कर शादी तुड़वा दी जाएगी और आत्महत्या करने पर मजबूर कर दिया जाएगा। लेकिन इसके बाद भी पीड़िता ने पैसे देने से मना कर दिया। आरोप है कि इसके बाद अपूर्वा 0061 आईडी के जरिए पीड़िता के कुछ जानने वालों की आईडी पर वह आपत्तिजनक फोटो भेज कर वायरल कर दी। पीड़िता के जानने वालों ने उन फोटो के बारे में उससे बताया। यह जानकारी होने के बाद पीड़िता ने परेशान होकर साइबर क्राइम में पूरी जानकारी देने के साथ ही उनकी सलाह पर अपूर्वा 0061 आईडी की छानबीन करने के लिए पैसे देने को तैयार होने का मैसेज डाला। लेकिन उसका कोई जवाब नहीं आया। पीड़िता का कहना है कि उसके बाद अपूर्वा विद्यार्थी ने अपने इंस्टाग्राम वाली मूल आईडी हटा दी है। पीड़िता का कहना है कि अपूर्वा विद्यार्थी नाम की एक लड़की काफी दिनों पहले उसके साथ आशियाना स्थित मसल्स फैक्ट्री जिम में वर्कआउट करती थी। जिसका रिकॉर्ड जिम में उपलब्ध है। फिलहाल पीड़ित युवती की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जालसाज का पता लगा रही है।

## तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, मौत

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा इलाके में बुधवार शाम तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक साइकिल में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे साइकिल सवार किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए उसे ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रायबरेली स्थित मिल एरिया में रहने रहने वाले स्व. महेश पटेल का बेटा अनमोल पटेल (10) पिछले करीब 1 माह से बंथरा के कन्नी खेड़ा स्थित अपने ननिहाल में रहता था। अनमोल के मामा अनूप के मुताबिक अनमोल बुधवार शाम गाँव के पास बनी - मोहान रोड पर साइकिल से घूम रहा था। तभी कन्नी खेड़ा पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी साइकिल में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे अनमोल गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान अनमोल की मौत हो गई। मृतक एक निजी स्कूल में कक्षा 3 का छात्र होने के साथ ही उसके परिवार में मां दीपिका के अलावा तीन बड़े भाई अमन, आदर्श और शुभम हैं। पिता महेश की करीब 5 वर्ष पहले बीमारी से मौत हो चुकी है। अनमोल की मौत के बाद घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## बाइक फिसलने से युवक की मौत, चचेरा भाई घायल

**हादसा**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। रिश्तेदारी से वापस घर लौट रहे बाइक सवारों की बाइक अचानक सड़क पर बने गड्डों के कारण अनियंत्रित होकर घिसलते हुए दूर जा गिरी जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया जहां एक की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हरदोई जनपद थाना अतरौली ग्राम सिकरोरिया निवासी विपिन कुमार (22) अपने चचेरे भाई सुमित के साथ बाइक से



मृतक विपिन फाइल – फोटो

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम उतरेटा में रिश्तेदारी में अपने मामा मोहन लाल के घर आया था। बुधवार देर शाम वापस अपने घर जा रहा था तभी गहदो चौराहे के पास बाइक अचानक सड़क पर बने गड्डों के कारण अनियंत्रित होकर घिसलते हुए दूर जा गिरी जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को माल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने विपिन की हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां बुधवार देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बृहस्पतिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। देर शाम परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक विपिन मजदूरी कर अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करता था. मृतक के परिवार में माता शिवरा ,पिता अयोध्या प्रसाद, भाई सुखराम, नंद मोहन, रोहित का रो रो कर बुरा हाल है।

## अतीक के गिरोह और शाइस्ता की बढ़ने वाली हैं मुश्किलें

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन के विरुद्ध करोड़ों रुपए की उगाही से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में आरोप पत्र दाखिल किया है। ईडी के अनुसार, लखनऊ में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत ने मंगलवार को अभियोजन शिकायत (पीसी) पर संज्ञान लिया है।

जांच एजेंसी की इस कार्रवाई के बाद शाइस्ता व अतीक के गिरोह की मुश्किलें और बढ़ने वाली हैं। ईडी की जांच में सामने आया है कि शाइस्ता जबरन वसूली गिरोह में सक्रिय थी। पिछले वर्ष अप्रैल में प्रयागराज में पुलिस अभिरक्षा में अतीक और उनके भाई अशरफ की तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी, जिसके बाद से वह फरार है।

जबरन वसूली, धोखाधड़ी, जालसाजी और संपत्ति के अवैध अधिग्रहण से संबंधित आपराधिक मामलों की जांच के लिए अतीक और अन्य के विरुद्ध दर्ज सीबीआई की एफआईआर के आधार पर ईडी ने अपनी जांच शुरू की थी। ईडी की जांच में सामने आया है कि अतीक और शाइस्ता मनी लांड्रिंग के अलावा हत्या, जबरन वसूली, धोखाधड़ी, जालसाजी, जमीन हड़पने और इस तरह के कई अपराधों में लिप्त थे।

### ईडी की जांच में सामने आई ये बातें

इन मामलों में अतीक के गिरोह के विरुद्ध विभिन्न पुलिस थानों में कई एफआईआर भी दर्ज हैं। ईडी की जांच में पता चला है कि अतीक, उसके सहयोगियों, पारिवार के सदस्यों ने मिलकर विभिन्न अपराधों के जरिये अर्जित धन से कई संपत्तियां खरीदी थी। इन संपत्तियों को अतीक के गिरोह ने दूसरों के नाम पर खरीदा था। ईडी ने 13 दिसंबर 2021 में अतीक व शाइस्ता की 8.14 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति कुर्क की थी, जिसमें शाइस्ता के नाम पर पंजीकृत प्रयागराज के फूलपुर की एक जमीन और 1.50 करोड़ रुपये शामिल थे। ईडी ने अप्रैल और जून 2023 में अतीक के सहयोगियों से जुड़े 27 ठिकानों की तलाशी भी ली थी। इस दौरान 1.15 करोड़ रुपये नकद, छह करोड़ रुपये मूल्य का सोना व आभूषण और कई अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए थे। ईडी अतीक के 10 बैंक खातों और शाइस्ता के एक बैंक खाते में जमा 1.28 करोड़ रुपये की भी पड़ताल कर रही है।

## संक्षेप

### जबरन बेच डाले युवक के जामुन के पेड़

पुरवा, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करौली निवासी राधेश्याम पुत्र रजनीश कुमार ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुऐ बताया कि आज दोपहर को गाँव के ही दिनेश कुमार पुत्र आत्माराम ने बाबा के द्वारा लगाये बुजुर्गी जामुन के पेड़ को बगैर अनुमति के बेच दिया जब पेड कट रहे थे तब उसको जानकारी हुई तो वह मौके पर पहुंच कर देखा जहाँ जामुन के दो पेड़ कटे पड़े थे जब उसने ठेकेदार से कटे पेड़ की बाबत पूँछताछ की तो ठेकेदार ने बताया कि दिनेश कुमार ने बेचा है ।कोतवाली प्रभारी ने बताया मामला संज्ञान मे है जाँच की जा रही हैं।

### पुत्री के साथ ससुरालीजन करते हैं मारपीट

पुरवा, उन्नाव।ग्राम टेढे का पुरवा थाना लालगंज जिला रायबरेली निवासी गंगाधर पुत्र भवानीदीन ने कोतवाली पुरवा मे शिकायतीपत्र देते हुऐ बताया कि उसकी बेटी शालिनी की शादी 2018 मे मोहल्ला दुगार्पुर निवासी लाला उर्फ शेरू यादव पुत्र अज्ञात के साथ हुई थी जहाँ पति रोजीरोजगार हेतु बाहर है लेकिन घर मे मौजूद देवर व जेठ सुरेश कुमार , राकेश कुमार व अंकित आये दिन उसकी बेटी के साथ मारपीट कर प्रताड़ित करते रहते है जिससे उसकी बेटी मानसिक रूप से बीमार है आज जब वह अपनी बेटी को लिवाने उसकी ससुराल पहुंचा तो उक्त लोग गाली गलौज कर भेजने से इन्कार कर दिया ।कोतवाली प्रभारी ने शिकायती पत्र लेते हुऐ छानबीन में जुट गयी।

### विदेश भेजकर ठग लिया रुपिया विदेश में नहीं मिला काम

पुरवा, उन्नाव।कस्बे के मोहल्ला मियांटोला निवासी नदीम व क्षेत्र के ही गांव अजयपुर निवासी संदीप ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कस्बे के ही रहने वाले एक व्यक्ति ने दुबई भेजने के नाम पर हम दोनों से 2 लाख बीस हजार रुपए लिए थे ।उक्त व्यक्ति दुबई के 1500 रुपए महीना सैलरी मिलने की बात कही थी ।जनवरी 2023 में हम दोनों दुबई चले गए ।लेकिन वहा किसी भी कंपनी में कोई नौकरी नहीं मिली ।घर से टिकट के पैसे मांगकर किसी तरह वापस आए ।कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली हैं जांच की जा रही हैं।

### नगर पालिका प्रशासन को समाज सेवी ने सौंपा फ्रीजर

बांगरमऊ, उन्नाव।मौजूदा भीषण गर्मी के चलते मृतकों के शवों से चंद घंटों के अंतराल में ही दुर्गंध उठने लगती है। इस गंभीर समस्या के समाधान हेतु नगर के प्रमुख व्यवसाई एवं समाज सेवी चौधरी संजीव कुमार सिंह ने आज गुरुवार के दिन नगर पालिका प्रशासन को एक डीप फ्रीजर सौंपा। साथ ही समाज सेवी सिंह ने शव नानामऊ गंगा तट पर ले जाने के लिए नगर पालिका को एक अदद हर्ष वैन प्रदान करने की भी घोषणा की है। प्रमुख उद्यमी की इस दानशीलता को देखकर पालिका चेयरमैन रामजी गुप्ता सहित प्रेमगंज वार्ड के सभासद पति सुनील, कृष्ण कुमार गुप्ता, मनीष सिंह, आफाक अहमद सभासद, अनिल कुमार व संगीत कुमार गुप्ता आदि नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने समाज सेवी सिंह को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## जागरुकता और सावधानी से जानलेवा होने से रोका जा सकता डेंगू बुखार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। डेंगू एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों से बचाव के संबंध में आ ज दिनांक 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू,दिवस के अवसर पर कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी उन्नाव में एक संगोष्ठी का आ योजन किया गया। कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा हरिनंदन प्रसाद द्वारा यह बताया गया कि डेंगू दिवस को मनाने का एक मात्र उद्देश्य डेंगू बीमारी से बचाव एवं खतरो के लक्षणों के बारे में जनसामान्य जागरूक किया जाना हैं डेंगू सहित अन्य वेक्टरजनित बीमारियो का संचरण काल आरंभ हो चुका है ।मानसून सीजन मच्छरों के लिए अनुकूल होता हैं हम सावधानी बरतकर डेंगू से बच सकते हैं ।गोष्ठी को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा जे .आर. सिंह द्वारा उपस्थित लोगो को बताया गया कि डेंगू एक मच्छरजनित वायरल रोग है। डेंगू का मच्छर दिन के समय काटता है। यह एडीज एजिप्टाई मच्छर के काटने से होता है और इसकी विशेषता है कि एक बार डेंगू वायरस से



संक्रमित होने के बाद जब यह अंडे देता है तो वह अंडे भी डेंगू वायरस से संक्रमित हो जाते हैं। इन अंडों से बनने वाले मच्छर भी संक्रमित होते हैं जो रोग फैला सकते हैं।इसके अंडे एक वर्ष तक जीवत रह सकते हैं। सूखा अंडा पानी पाते ही नए मच्छर तैयार कर देता है। इसीलिए अपने घर करआसपास जल जमाव न होने दें।उनके द्वारा बताया गया कि डेंगू सहित अन्य वेक्टर जनित बीमारियों से बचाव के लिए प्रत्येक रविवार को हर रविवार-मच्छर के लार्वा पर प्रहार , जैसी गतिविधियां संचालित करते हुए मच्छरों से बचाव के लिए क्या करें क्या न करें के बारे में जनसामान्य को जागरूक करने के साथ साथ मच्छरों के स्रोतों को नष्ट करने सहित अन्य गतिविधिया अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित कर संपन्न कराई जाए।

जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चंद्र ने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए आवश्यक है कि शहरी क्षेत्रों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में नगर विकास विभाग तथा पंचायती राज विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। डेंगू सहित अन्य सभी वेक्टर जनित रोगों से बचाव के लिए पूरी बांह के कपड़े पहने सोते समय मच्छरदानी, मच्छररोधी क्रीम या क्वायल का उपयोग करें घर के दरवाजों और खिड़कियों पर जाली लगवाऐ कहीं पानी इकट्ठा है तो उसमें जला हुआ मोबिल ऑयल डाल दें घर में टूटे हुए टायर, बर्तन आदि को हटा दें ताकि उसमें पानी न इकट्ठा होने पाए बुखार होने पर स्वयं कोई इलाज न करें निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच और इलाज कराऐं जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा बताया गया कि डेंगू एक मच्छर जनित वायरल फीवर है,सिर्फ प्लेटलेट्स कम हो जाने से डेंगू बुखार मान लेना ठीक नहीं होता है,जब तक की एलाइजा टेस्ट पॉजिटिव न आए ।उन्होंने उपस्थित लोगो को बताया कि डेंगू बुखार के लक्षणों में प्रमुख रूप से अचानक तेज बुखार चढ़ना, मांशपेशियों तथा जोड़ो में दर्द , आंखों के पिछले भाग में, दर्द होना, अत्यधिक कमजोरी महसूस होना, भूख में कमी, जी मिचलाना, आदि है ।इस प्रकार के लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में संपर्क करना चाहिए ।मरीज को बुखार उतारने हेतु पैरासिटामोल की गोली दिया जाना चाहिए,तथा तरल पदार्थों का सेवन करवाना चाहिए ।संगोष्ठी में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा रविदास, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वी . बी . डी.डा . जे.आर .सिंह. जिला मलेरिया अधिकारी श्री रमेश चंद्र यादव,जिला एपीडिमो लोजिस्ट डा रवि यादव,तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी तथा जिला मलेरिया अधिकारी कार्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त सामु./ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों स्वास्थ्य केंद्रों, तथा नगर पालिका परिषद नगर पंचायतो में डेंगू दिवस से संबंधित विभिन्न गतिविधियां संपादित की गई है।

## सभी को मिलेगा ज्ञान पर आधारित रियलिटी शो में मौका

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। देश के लिए अनूठे और महत्वपूर्ण मनोरंजन का संवर्धन करते हुए, एक नया और उत्साहजनक क्विज रियलिटी शो, इंडियाज फर्स्ट वन मिलिनीयर शो का आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ स्थित पिपुल्स विजन फिल्म प्रोडक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड, द्वारा किया जा रहा है। इस टी वी शो के निर्देशक एस के जायसवाल, ओमप्रकाश, अंशिका सिंह, श्वेतांक प्रकाश चतुर्वेदी और रेड क्रॉस उन्नाव के वाईस चेयरमैन डॉ मनीष सिंह सेंगर, इवेंट मैनेजर राहुल कश्यप आदि ने उन्नाव के कई स्कूल और संस्थानों में अपनी टीम के साथ पहुंच कर शो की जानकारियां दीं। आयोजकों ने बताया देश के हर नागरिक को अपने ज्ञान के माध्यम से अपनी प्रतिभा को निखारने का एक बेहतरीन अवसर है ये। शो के माध्यम से प्रतिभागी नाम, शोहरत और आर्थिक मजबूती हासिल कर सकते हैं।इस कार्यक्रम के माध्यम से अगर इंसान चाहे तो अपने दिमाग की शक्ति से अपने जीवन और समाज को बेहतर बना सकता है। शो का उद्देश्य मानवीय बुद्धिमत्ता को एक मंच देना और समाज को बेहतर भविष्य की ओर ले जाना है। इस प्रतियोगिता में शहरी और ग्रामीण नागरिक भाग लेकर अपनी बुद्धिमत्ता को प्रदर्शित कर सकते हैं ।पूरे भारतवर्ष में इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो चुके। वेबसाइट पर जाकर कोई भी भारतीय नागरिक रजिस्ट्रेशन कर सकता है।इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी को भारतीय नागरिक होना अनिवार्य है।न्यूनतम उम्र 11 वर्ष तथा अधिकतम उम्र 65 वर्ष है। स्टूडेंट, वर्किंग पर्सन, हाउसवाइफ या किसी भी कारोबार से जुड़ा हर व्यक्ति इस प्रतियोगिता में भाग ले सकता है। कार्यक्रम दो चरणों में संपन्न होगा। पहले चरण ऑनलाइन ऑडिशन होगा जिसमें तीन राउंड होंगे जो इन तीन राउंड को जीतेगा।वह प्रतियोगिता के दूसरे चरण में जाएगा। अंतिम चरण में तीन प्रतियोगियों के बीच महा मुकाबला होगा। तीसरे स्थान के विजेता को 5 लाख रुपये, दूसरे स्थान के विजेता को 10 लाख रुपये, और फाइनल विजेता को 1 करोड़ रुपये का बड़ा पुरस्कार मिलेगा। आयोजकों ने इंडियन इवेंट सोल्यूशन्स के प्रबंधन में जयपुरिया स्कूल, सी टेक टेक्निकल कॉलेज, शिक्षा कोचिंग सहित कई अन्य कलात्मक संस्थाओं में शो की व्यापक जानकारियां दीं। टीम ने संस्थाओं के प्रमुखों और संस्थाओं ने टीम को प्रतीक चिन्ह और उपहार भेंट कर सम्मानित किया।

## खेत पर गए किसान पर मधु मक्खियों ने बोला हमला, मौत

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।बिहार थाना के भगवन्तनगर चौकी क्षेत्र अंतर्गत 62 वर्षीय बृद्ध को मधुमक्खियां द्वारा काट लेने से मौत हो गयी। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए अंतिम संस्कार कर दिया चौकी क्षेत्र के पनई बुजुर्ग निवासी लाल बहादुर सिंह पुत्र मथुरा उम्र 62 वर्ष रोज की तरह अपने खेतों की तरफ गया था । तभी अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने उस पर हमला बोल दिया। वह दर्द से कराह उठा। गाँव वालों के अनुसार वह अस्थमा का मरीज था मधुमक्खियों के काट लेने से उसकी सांसे तेज चलने लगी। परिजनों को सूचना मिलने पर भागते भागते आये ।घायल लाल बहादुर का प्राथमिक उपचार हेतु सांस को कम करने हेतु अस्थमा में दिया जाने वाला



इन्हेलर दिया गया लेकिन सांसे अचानक रुक गयी। मौत की खबर सुनकर दिवंगत की पत्नी श्री देवी , पुत्र रवी, सत्यम व शिवम सहित पुत्री रश्मि में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए दिवंगत का अंतिम संस्कार बक्सर घाट पर कर दिया। चौकी प्रभारी राजेश सिंह ने बताया परिजनों द्वारा कोई सूचना नही दी गयी।

## खेत की रखवाली कर रहे बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मिली लाश

### विधिक कार्यवाही कर जाँच मे जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। थाना रुपैडिहा क्षेत्र के प्रहलाद गांव निवासी 90 वर्षीय बुजुर्ग रात में अपने खेत की रखवाली कर रहे थे?। सुबह खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए। शरीर पर चोट के कई निशान थे तथा कान के पास से काफी खून बह रहा था। मिली जानकारी के मुताबिक प्रहलाद गांव में अपने मक्के की खेत को आवारा मवेसियों से बचाने के लिए प्रतिदिन की तरह फकीरे वर्मा पुत्र मोल्हे वर्मा उम्र लगभग 90 वर्ष रात को अपने खेत में गए थे। सुबह




गांव वालों ने देखा फकीरे वर्मा के शरीर पर काफी खून बह रहा था तथा फकीर अपने खेत में मृत पड़े हुए थे। ग्रामीणों की सूचना पर रुपैडिहा थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह मय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा विधिक कार्यवाही कर मृतक व्यक्ति को पोस्टमार्टम के लिए बहराइच भिजवाया गया। मृतक के पुत्र मधुरा प्रसाद ने स्थानीय थाने में लिखित तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

## राजा महाराजाओं के दरबार में भाड़ बिरादरी की कला हो रही विलुप्त

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव।देश के आजाद होने के बाद जमींदारी प्रथा समाप्त होने के वर्षों बाद राजा महाराजाओं के दरबार में भांड बिरादरी के द्वारा अपनी कला की प्रस्तुति करने का प्रचलन भी विलुप्त होता जा रहा है तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के अंतर्गत ग्राम मनिकापुर में भाड़ बिरादरी की संख्या काफी पाई जाती है इस क्षेत्र को बैसवारा क्षेत्र माना जाता है जहां कलम तलवार का धनी भी है इस क्षेत्र में अनेक छोटे-छोटे रियासत थी जमीदारों की महलों में भांड बिरादरी के लोगों के द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन करके अपनी रोजी-रोटी का साधन मानते थे स्वतंत्रता के बाद धीरे-



धीरे जहां अनेक प्रथाएं खत्म हो रही है वही भाड़ बिरादरी के द्वारा अपने कला प्रदर्शन के लिए मशहूर माना जाता था वह भी प्रचलन खत्म हो रहा है लेकिन आज भी बैसवारा की धरती पर कुछ गांवो में देश के आजाद होने के बाद भी जमीदारी की प्रथा खत्म नहीं हो रही है आज भी जमीदारी कूट-कूट कर भरी हुई है जिससे कुछ गांवो की जनता आज भी परेशान है उनका जीना मुश्किल हो रहा है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट के साथ प्री-ट्रायल बैठक

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उन्नाव के निदेशों के अनुपालन में को सुनिश्चित राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक-13.07.2024 के आयोजन में लघु अपराधिक वादों का अधिक से अधिक निस्तारण सुनिश्चित कराने हेतु आज दिनांक-16.05.2024 को सायं 04:30 शिप्रा आर्या, नोडल अधिकारी/ अपर जिला जज-कोर्ट सं-4, की अध्यक्षता में मनीष निगम अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नाव के विश्राम कक्ष में समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट के साथ एक बैठक आहुत की गयी उक्त बैठक में शिप्रा आर्या, नोडल अधिकारी/ अपर जिला जज-कोर्ट सं-4 ने उपस्थित न्यायिक मजिस्ट्रेटो के साथ लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु विचार-विमर्श किया गया एवं लोक अदालत में चिन्हित वादों की समीक्षा की गई साथ ही उपस्थित न्यायिक अधिकारीगणों को निर्देशित किया गया कि वे आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित होने वाले मामलो को चिन्हित कर वादो से सम्बन्धित पक्षकारो पर सम्मन/नोटिस को कम से कम दो बार तामिला कराया जाना सुनिश्चित करें जिससे आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत-13.07.2024 में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण हो सके और राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को सफल बनाया जा सके।

### सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

उन्नाव।सड़क हादसे में पांच दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल युवक की बुधवार देर शाम इलाज दौरान मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया है ।फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के मौहाई गांव के रहने वाले चालीस वर्षीय मान सिंह 11 मई को बाइक से बांगरमऊ बाजार से सामान खरीद कर गांव लौट रहा था। हरदोई उन्नाव मार्ग स्थिति आलमपुर रेतवा गांव के पास वाहन की टक्कर से वह जख्मी हो गया था। लखनऊ स्थित निजी अस्पताल में परिजन उसका इलाज करवा रहे थे। बुधवार देर शाम इलाज दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर आए और सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की। गुरुवार दोपहर पुलिस से शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मृतक मान सिंह मवेशियों का निजी डॉक्टर बताया जा रहा है। पति की मौत से पत्नी सुमन व चार बच्चे सहित अन्य परिजन रो-रोकर आहत हैं। इंस्पेक्टर राज कुमार ने बताया कि हादसे में जख्मी युवक की इलाज दौरान मौत की खबर परिजनों ने दी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की है।

## जन जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर आज नगर पंचायत गंजमुरादाबाद की अध्यक्ष रूबी व अधिशासी अधिकारी अरविंद सिंह के निर्देश पर नगर की बड़ी बाजार में स्थित एवरग्रीन पब्लिक स्कूल में एक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डेंगू से संबंधित विस्तार से जानकारी दी गई। राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर नगर पंचायत के कर्मचारी फजलुर्रहमान ने कहा कि मलेरिया की तरह ही डेंगू बुखार भी मच्छरों के काटने से फैलता है। इन मच्छरों को एडीज एजिप्टी मच्छर कहते हैं जो काफी ढीठ व साहसी मच्छर होते हैं और यह दिन में भी काटते हैं। डेंगू बुखार एक जानलेवा मच्छरों के संक्रमण से होने वाली बीमारी है। यह बीमारी डेंगू वायरस द्वारा प्रसारित होती है। डेंगू वाले मच्छर फूलदान, गमले, पुराने टायर, पानी की टंकी, प्लास्टिक के डिब्बे, एवं बेकार पड़े हुए बर्तन




आदि में एकत्रित पानी में पैदा होते हैं। डेंगू से बचाव के लिए विशेष साफ सफाई रखने के साथ ही घर के अंदर व आंगन में जहां भी पानी एकत्रित हो रहा है उसे नियमित रूप से जरूर साफ करें। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ ही विद्यालय स्टाफ व नगर पंचायत कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वृद्ध के हत्यारे को पुलिस ने दिया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार क्षेत्र के कलानी गाँव मे 95 वर्षीय बृद्ध की निर्मम हत्या करने वाले नामजद सिरफिरे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताते चलें कि कलानी ग्राम निवासी रामअवतार 95 वर्ष पुत्र मैकू रोज की तरह खेत मे लगे अपने ट्यूबेल में सो रहे थे। बीती 15 की सुबह उसका लड़का मोहन अपने पिता को नाश्ता देने ट्यूबेल पहुचा था जहाँ पिता को नदारद देखकर हैरान हो गया था। ट्यूबेल में खून के छीटे देख पिता की हत्या का शक गहरा गया था। ट्यूबेल में बने डहल -कुँवे में जब गौर से देखा गया उसका शव दिखाई पड़ा मिला था जिसे मिट्टी डालकर ढकने का प्रयास किया था। शव को बाहर निकालने पर गले और हाथ मे धारदार हथियार के गहरे घाव मिले थे । पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया था। दिवंगत के पुत्र मन्नू ने गांव के ही रजनेश उर्फ जग्गू पुत्र हीरालाल यादव के नाम से नामजद तहरीर दी थी और बताया कि रजनेश कुछ माह पूर्व नासिक ( महाराष्ट्र ) से आया है ।वहा पर ये शटरिंग का कार्य करता था जब से गाँव आया है पागलों जैसी हरकत कर रहा है।इससे पहले भी वह हत्या करने का प्रयास कर चुका है। रुपये पैसे और गहने लूटने के प्रयास में ही उसने हत्या की है।इसके पूर्व वह सोलर पैनल आदि भी खोल ले गया था ।थाने में तहरीर देने पर शांतिभंग में उसका चालान भी हुआ था ।इसी बात से वह रंजिश रखने लगा था। थाना प्रभारी शिवप्रकाश पांडेय ने बताया तहरीर के आधार पर सिरफिरे युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है साथ ही हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, खून से सना गमछा, खाली डिब्बे सहित बरामद कर अभियुक्त को सुसंगत धाराओं में पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है।

## जनसेवा केन्द्र में काम करने वाले युवक के साथ लूट करने वाले अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना आसीवन पुलिस एवं एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने तीन शातिर लुटेरों को लूटे गये सामान (55,000/- रु0, एक अदद लैपटॉप, चार पासबुक, एक अदद मोटरसाइकिल, एक कीपैड मोबाइल), एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय एक अदद जिंदा कारतूस व दो अदद खोखा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त एक अपाचे मोटरसाइकिल बरामद कर गिरफ्तार किया गया तथा एक बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया

मो0 सलीम पुत्र रसूल बक्श नि0 ग्राम पेसारी थाना आसीवन ने थाना आसीवन पर तहरीरी सूचना दी गई कि मेरा पुत्र मो0 फाईम जो कि जनसेवा केन्द्र नंगाखेड़ा चौराहा में काम करता है, बीती 10 तारीख को जनसेवा केन्द्र से वापस अपने घर आ रहा था तभी टिकाना मोड़ पर मेरे पुत्र की मोटरसाइकिल को दो स्पलेन्डर सवार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा रोककर उससे बैग



छीनने लगे तथा विरोध करने पर उसके पैर पर फायर किया तथा मेरे पुत्र की मोटरसाइकिल व बैग जिसमें रुपए, लैपटाप, फिंगर मशीन आदि थी, लेकर चले गये। तहरीर के आधार पर थाना आसीवन पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर की जिसमे थाना आसीवन पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा थाना आसीवन क्षेत्रांतर्गत चौधरीखेड़ा नहर पुल के पास मोटरसाइकिल अपाचे व मोटरसाइकिल हाण्डा सी0डी0 ड्रीम में सवार आकाश कुमार वर्मा पुत्र रामनरेश वर्मा निवासी मोहरा कला थाना गोसाईगंज लखनऊ विपिन वर्मा पुत्र शोभनाथ वर्मा निवासी जयनगरा थाना शिवरतन गंज जिला अमेठी सुमित उर्फ शीबू पुत्र इन्द्रपाल निवासी मोहरा कला थाना गोसाईगंज लखनऊ को हिरासत में लिया गया तथा साथी बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया। जामातलाशी में अभियुक्त आकाश कुमार वर्मा उपरोक्त के कब्जे से 22000/- रुपये व एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा दो अदद खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुए तथा अभियुक्त विपिन वर्मा उपरोक्त के कब्जे से एक बैग में एच पी कम्पनी का लैपटाप व आर्यवर्त बैंक कुरसठ की 04 अदद पासबुक 13800 रुपये बरामद हुए तथा अभियुक्त सुमित उर्फ शीबू उपरोक्त के कब्जे से 19,200 रुपये बरामद हुए एवं बाल अपचारी के कब्जे से एक अदद सैमसंग कम्पनी का कीपैड मोबाइल बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि बाल अपचारी व अभियुक्त विपिन ने मिलकर लखनऊ से कीपैड मोबाइल व स्प्लेन्डर मोटरसाइकिल चोरी किया था तथा दिनांक 10.05.2024 को शाम के समय अभियुक्त विपिन व अपने एक अन्य साथी आदर्श साहू पुत्र राधेश्याम निवासी बेलीकला थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ द्वारा टिकाना मोड़ के पास एक जनसेवा संचालक व्यक्ति को गोली मारकर उसके पास से बैग में रखा 1,00,000/- रुपए, लैपटाप व फिंगर मशीन तथा उसकी मोटरसाइकिल वढ35अल1132 होण्डा ड्रीम छीन लिये थे और अपनी स्पलेण्डर मोटरसाइकिल जो कि लखनऊ से चोरी किया था मौके पर स्टार्ट न होने के कारण वहीं पर छोड़ दिया था । लूटी गई फिंगर मशीन आदर्श साहू उपरोक्त के पास ही है ।तीनों अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया तथा बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया एवं मुकदमा उपरोक्त में धारा 411/120बी/413 भा0दं0वि0 व 3/25 आयुध अधिनियम की बढ़ोत्तरी की गई। मोटरसाइकिल अपाचे को आदर्श साहू पुत्र राधेश्याम नि0 बेलिकला थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

## 50 लीटर अवैध कच्ची शराब किया बरामद



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार अवैध मदिरा की बिक्री व परिवहन की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी रवि शंकर के कुशल नेतृत्व में निशांत सिंह आबकारी निरीक्षक पुरवा व प्रतिभा सिंह आबकारी निरीक्षक बीघापुर मय हमराह व आबकारी निरीक्षक प्रवर्तन गुंजन सक्सेना लखनऊ प्रभार लखनऊ मय हमराह द्वारा थाना मौरावा अन्तर्गत संदिग्ध ग्राम-लालाखेड़ा में एकबारगी दबिश देते हुए 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए लगभग 400 किग्रा महुआ लहन मौके पर नष्ट किया गया।

## नायब तहसीलदार पर युवक ने किया हमला, फरियादियों ने बचाया

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। तहसील मुख्यालय में बैठ फरियादियों की समस्याओं को सुन रहे नायब तहसीलदार के ऊपर सिरफिरे युवक ने गलत काम करने का दबाव बनाया, काम बनता न देख युवक नायब तहसीलदार के ऊपर टूट पड़ा। मौजूद फरियादियों ने किसी तरह नायब तहसीलदार को बचाया। तहसील मुख्यालय में नायब तहसीलदार अशोक कुमार शुक्ला आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुन रहे थे। लगभग 4 बजे गुड्डु पुत्र राजेश निवासी चौनपुर मवैया

थाना बिहार आया और अपने अभिलेखों में सुधार किए जाने की बात कही। नायब तहसीलदार ने विधिक



अड़चन बताते हुए न्यायालय में जाने की बात कही। नायब तहसीलदार ने युवक को समझा- बुझाकर कार्यालय से बाहर भेजा, तभी क्रोधित होते हुए गुड्डु नायब तहसीलदार के ऊपर टूट पड़ा। मौजूद फरियादियों ने किसी तरह नायब तहसीलदार को बचाया। युवक की हांथापाई में नायब तहसीलदार की शर्ट बनियान फट गई। सूचना पर पहुंचे थाना अध्यक्ष शिव प्रकाश पांडे, पाटन चौकी इंचार्ज अरुण उपाध्याय सिरफिरे युवक को थाने ले गए।

## सम्पादकीय

# चाबहार पोर्ट समझौता भारत की बड़ी उपलब्धि

चीन और ईरान के बीच बढ़ती दोस्ती के बीच भारत ने चाबहार पोर्ट के लिए दस वर्षीय दीर्घकालीन समझौता कर बड़ी कूटनीतिक सफलता पाई है। यह समझौता पाकिस्तान के लिए बड़ा झटका है। अब भारत पाकिस्तान को बायपास कर सीधे अफगानिस्तान, ईरान, मध्य एशिया व यूरोप तक पहुंच सकेगा। बीच आम चुनाव के दौरान हुए इस समझौते से भारत के लिए ईरान के चाबहार पोर्ट के महत्व को समझा जा सकता है। मुंबई पोर्ट से चाबहार पोर्ट तक जलमार्ग भारत के लिए यूरोप का द्वार खोलता है। भारत और ईरान ने चाबहार में स्थित शाहिद बेहश्ती बंदरगाह के टर्मिनल के परिचालन के लिए सोमवार को बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की उपस्थिति में अनुबंध पर हस्ताक्षर किया है। यह पहला मौका है जब भारत विदेश में स्थित किसी बंदरगाह का प्रबंधन अपने हाथ में लिया है। चाबहार बंदरगाह ईरान के दक्षिणी तट पर सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित है। इस बंदरगाह को भारत और ईरान मिलकर विकसित कर रहे हैं, लाभ अफगानिस्तान को भी होगा। चाबहार बंदरगाह 'अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा' (आईएनएसटीसी) परियोजना का एक प्रमुख लिंक है। आईएनएसटीसी परियोजना भारत, ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच माल-ढुलाई के लिए 7,200 किलोमीटर लंबी एक बहुस्तरीय परिवहन परियोजना है। भारत ने वर्ष 2024-25 के लिए चाबहार बंदरगाह के लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में, 23 मई, 2016 को चाबहार में निर्माण को लेकर रणनीतिक समझौता हुआ था। इसके बाद वर्ष 2018 में जब ईरान के तत्कालीन राष्ट्रपति हसन रुहानी नई दिल्ली आए तो चाबहार बंदरगाह पर भारत की भूमिका पर बातचीत हुई थी। जनवरी 2024 में जब विदेश मंत्री एस जयशंकर तेहरान में थे, तब भी यह मुद्दा उठा था। वर्ष 2016 से भारत चाबहार को विकसित कर रहा है, लेकिन अमेरिकी प्रतिबंध के बाद से भारत की उदासीनता के चलते चाबहार डील की गति सुस्त हो गई थी। बदलते भूराजनीतिक परिदृश्य में चीन की ईरान में बढ़ती दिलचस्पी से चाबहार पोर्ट समझौता पर भी ग्रहण लगता नजर आया, पर ईरान ने भारत के साथ अपने ऐतिहासिक व सांस्कृतिक संबंधों को अधिक तवज्जो दिया और अंततः चाबहार समझौते का मार्ग प्रशस्त हुआ। भारत ईरान का बड़ा तेल खरीदार है। भारत ने हाल में जिस तरह सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात से अपने व्यापारिक रिश्ते मजबूत किए हैं और सऊदी अरब व ईरान में नजदीकी बढ़ी है, उसे देखते हुए ईरान के साथ भारत की व्यापारिक प्रगाढ़ता से मध्य एशिया व खाड़ी क्षेत्र में नई दिल्ली की पैठ बढ़ेगी। ईरान प्राकृतिक गैस का बड़ा निर्यातक है। अरब सागर, अदन की खाड़ी व लाल सागर में भारतीय नौसैनिक बहुत मजबूत है, इसलिए इन क्षेत्र के देशों से भारत के अच्छे रिश्ते भारत के लिए अच्छा है। इस समझौते से भारत को पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह के साथ-साथ चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव को भी काउंटर करने में मदद मिलेगी। कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान जैसे संसाधन संपन्न मध्य एशियाई देश हिंद महासागर क्षेत्र और भारतीय बाजार तक पहुंचने के लिए चाबहार का उपयोग करना चाहते हैं। यह समझौता भारत की प्रगति के लिए बड़ी उपलब्धि है।



विश्लेषण

आर.के. सिन्हा

# संगठन-सरकार में रणनीति के 'शाह'

अमित शाह ने पहले भाजपा के संगठन में रहते हुए और फिर केन्द्रीय गृह मंत्री के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। भाजपा अध्यक्ष रहते हुए उनके संगठनात्मक कौशल को सबने देखा। फिर, 2019 में, वह केंद्रीय गृह मंत्री बने, और इसके साथ ही शुरू हुआ कई बड़े फैसलों को लेने का दौर। पिछले पांच वर्षों में, अमित शाह ने आंतरिक सुरक्षा को नया रूप दिया है। गृहमंत्री बनने के तीन महीने बाद, अमित शाह संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के सरकारी कदम में सबसे आगे थे। अमित शाह की सरपरस्ती में, आंतरिक आतंकवाद का खतरा भी कम हुआ है। शाह ने नक्सलवाद को खत्म करने का वादा किया है।

आज चार चरण के मतदान पूरे हो चुके हैं। इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत राजग ने चार सौ पार का नारा दिया है। उसी अनुरूप भाजपा पूरी तैयारी के साथ चुनाव मैदान में है। ऊपर से लेकर नीचे तक भाजपा का सांगठनिक ढांचा बेहद शिद्दत से चुनाव के लक्ष्य को अंजाम देने में जुटा है। भाजपा की तैयारी में सबसे अहम भूमिका पार्टी के चाणक्य माने जाने वाले गृहमंत्री अमित शाह निभाते हैं। अमित शाह राजधानी में अपने साउथ ब्लॉक के दफ्तर में जब काम करते होंगे, तब उनके जेहन में भी देश के पहले उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार पटेल का ख्याल अवश्य आता होगा। लौह पुरुष सरदार पटेल ने भी इसी साउथ ब्लॉक में बने गृह मंत्री कार्यालय से ही से देश की आंतरिक सुरक्षा को एक नई दिशा दी थी। वे भी बोलने में कम और काम करने में अधिक यकीन करते थे। अमित शाह का एक गुण यह भी है कि वे किसी अनावश्यक विवाद को खत्म करने में देर नहीं करते। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शायद सोचा होगा कि वे अमित शाह को देश का भावी प्रधानमंत्री बताकर एक विवाद खड़ा कर देंगे, पर उनकी यह मंशा सफल नहीं हुई, क्योंकि अमित शाह ने साफ कर दिया कि नरेन्द्र मोदी ही 2029 तक देश के प्रधानमंत्री बने रहेंगे।

अमित शाह ने पहले भाजपा के संगठन में रहते हुए और फिर केन्द्रीय गृह मंत्री के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। भाजपा अध्यक्ष रहते हुए उनके संगठनात्मक कौशल को सबने देखा, लेकिन जो लोग उन्हें गुजरात के दिनों से जानते थे, वे बहुत हैरान नहीं हुए। फिर, 2019 में, वह केंद्रीय गृह मंत्री बने, और इसके साथ ही शुरू हुआ कई बड़े फैसलों को लेने का दौर। पिछले पांच वर्षों में, अमित शाह ने आंतरिक सुरक्षा को नया रूप दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देखरेख में भारतीय दंड विधान (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और साक्ष्य अधिनियम को बदला गया। अमित शाह मानते हैं कि कोई भी कानून 50 साल के बाद पुराना हो जाता है। 1860 से 2023 तक आईपीसी, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम में कोई परिवर्तन नहीं हुआ था।

आपको याद होगा जब जब भारत अपना 75वां स्वाधीनता दिवस मना रहा था, तब प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से पांच संकल्प किए थे। नए आपराधिक कानून उनमें से एक को पूरा करते हैं। सरकार ने नए कानूनों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम नाम दिया है। गृह मंत्री के रूप में अमित शाह को प्रधानमंत्री का विश्वास और पूरा भरोसा प्राप्त है। वास्तव में, जब कोई राजनीतिक या सरकारी मुद्दा प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष लाया जाता है, तो कहा जाता है कि वह उस व्यक्ति से अमित शाह से भी सलाह लेने के लिए कहते हैं। 2019 में, गृहमंत्री बनने के तीन महीने बाद, अमित शाह संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के सरकारी कदम में सबसे आगे थे। इसके लिए कुशल राजनीतिक सूझबूझ की आवश्यकता थी। उन्हें प्रधानमंत्री मोदी का पूरा समर्थन हासिल था। चार साल बाद, सुप्रीम कोर्ट ने फैसले की वैधता को बरकरार रखा,



जो कि भाजपा ने भारत के अंतिम एकीकरण में सबसे बड़ी बाधा के रूप में देखा था।

अमित शाह 2019 के नागरिकता संशोधन अधिनियम ( सीएए) की पीछे प्रेरक शक्ति भी रहे हैं, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के उत्पीड़ित हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई - जो 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश कर चुके हैं - उन्हें भारतीय नागरिकता दी जाए। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद आशंका थी कि सीएए को विपक्ष मुद्दा बनाएगा। पर यह नहीं हुआ। इसकी बेशक एक बड़ी वजह यह रही कि अमित शाह देश के मुसलमानों को भरोसा देते रहे कि सीएए कानून का उनसे कोई लेना-देना नहीं है। याद करें कि राजधानी के शाहीन बाग में सीएए के खिलाफ महिलाओं ने लंबा धरना दिया था। धरने देने वाली महिलाएं कह रही थीं कि सीएए के बहाने मुसलमानों को प्रताड़ित किया जाएगा। धरना कोविड के फैलने के कारण सरकार ने सख्ती से बंद करवा दिया था। उस समय धमकी दी जा रही थी कि सीएए के खिलाफ धरना फिर शुरू होगा। पर यह नहीं हुआ। गृह मंत्री अमित शाह बार-बार मुसलमानों को भरोसा देते रहे कि सीएए से उन्हें घबराने की कोई वजह नहीं है। इसका सकारात्मक असर हुआ। जब केन्द्र सरकार ने सीएए की पिछली 11 मार्च को अधिसूचना जारी की तो एक बार लगा कि इसका विरोध होगा, पर कहीं कुछ नहीं हुआ। लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले सीएए की अधिसूचना के बाद उम्मीद थी कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल सीएए को लागू करने के मसले को लोकसभा चुनाव में उठाएंगे। सीएए, एनआरसी और धारा 370 जैसे मुद्दे काँग्रेस के घोषणापत्र से ही गायब हैं। सीएए पर दिल्ली से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन देश के अन्य हिस्सों में फैल गया था और जल्दी ही यह हिंदू- मुस्लिम विवाद में बदला था। दिल्ली में सार्वजनिक संपत्ति को खूब नुकसान पहुंचाया गया और विरोध प्रदर्शन हिंसक भी हुए थे। एक लोकतांत्रिक देश में हर मुद्दे पर विरोध का अधिकार है, लेकिन क्या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का भी हक है। जबकि विधेयक में पहले दिन से कहा गया था कि यह पाक, अफगानिस्तान व बांग्लादेश से आए केवल उन शरणार्थियों पर लागू किया जाएगा जो धर्म के आधार पर उत्पीड़न के कारण भारत में शरण के लिए मजबूर थे।

खैर, अमित शाह की सरपरस्ती में, आंतरिक आतंकवाद का खतरा भी कम हुआ है। इस्लामिक स्टेट का उदय, पहले सीरिया और बाद में अफगानिस्तान में, चरमपंथी प्रवृत्ति वाले कई युवाओं को विदेशी जमीन में युद्ध लड़ने के लिए देश से बाहर जाते हुए देखा गया। इससे 2014 में कट्टरपंथ और ऑनलाइन ब्रेनवॉशिंग के नए खतरों के बारे में चिंता पैदा हुई थी, लेकिन गृह मंत्रालय और खुफिया एजेंसियां आज इनसे निपटने के लिए बेहतर तरीके से तैयार हैं। छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड के नक्सल प्रभावित राज्यों में, सुरक्षा बल धीरे-धीरे उन क्षेत्रों में वापस आ रहे हैं जिन्हें कभी रेड जोन माना जाता था। लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नक्सलवाद के खिलाफ हमारी जंग जारी रहेगी। लोकसभा चुनावों से ठीक पहले नक्सलियों पर एक बहुत बड़ा ऑपरेशन हुआ, ऐसा पिछले साल दिसंबर महीने में भी देखने को मिला था। अमित शाह कह रहे हैं कि भाजपा के कमिटमेंट में कोई बदलाव नहीं आया है। फिर वो चाहे, नक्सलवाद के खिलाफ हो या आतंकवाद के खिलाफ। आतंकवाद और नक्सलवाद लोकतांत्रिक तरीके नहीं हैं और इन्हें समाप्ति कर देना चाहिए। केंद्र में भाजपा नीत राजग के तीसरी बार सत्ता में आने में अमित शाह की रणनीति की अहम भूमिका होगी।

टेक अलर्ट

शिशिर शुक्ला



# बिंजवाचिंग की बढ़ती लत लोगों को बना रही बीमार

तकनीकी के इस दौर में लगभग प्रत्येक व्यवस्था का डिजिटल रूप भी अस्तित्व में आ चुका है। उदाहरण के तौर पर पढ़ाई से संबंधित तमाम कंटेंट ऑफलाइन तो उपलब्ध है ही, साथ ही वह डिजिटल रूप में ऑनलाइन भी विभिन्न प्लेटफॉर्मों के माध्यम से हमारे लिए सुलभ है। हम में से हर कोई यह भली-भांति जानता है कि ड्रग्स का सेवन हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है किंतु फिर भी एक बड़ा वर्ग और विशेषकर युवा वर्ग ड्रग्स की गिरफ्त में बुरी तरह जकड़ा हुआ है। अचंभे की बात तो यह है कि डिजिटलीकरण ने ड्रग्स को भी नहीं छोड़ा और उनके डिजिटल स्वरूप को जन्म दे दिया। जी हां, मेरा आशय है डिजिटल ड्रग से। सुनकर बड़ा अटपटा लगता है और दिमाग में यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से कौंधने लगता है कि आखिरकार यह क्या बला है। लेकिन यह एक कटुसत्य है कि युवाओं का एक बड़ा वर्ग डिजिटल ड्रग का आदी हो चुका है।

मामले को पूर्णतया समझने के लिए हमें यह जानना होगा कि डिजिटल ड्रग आखिरकार क्या है। जिस प्रकार ड्रग का इस्तेमाल लोग अपने मस्तिष्क को अल्पकालिक शांति अथवा प्रसन्नता का अनुभव कराने के लिए करते हैं, ठीक उसी तरह डिजिटल ड्रग का अर्थ है– ऐसे डिजिटल कंटेंट को देखने की लत लग जाना जो दिमाग को सुकून एवं खुशी का एहसास कराते हैं। इनमें कोई संगीत हो सकता है, कोई मूवी अथवा कोई वेब सीरीज भी हो सकती है। बहुत से ऐसे लोग हैं जो अगर एक बार वेबसीरीज देखना शुरू कर दें तो उनकी प्रवृत्ति कुछ यूं बन जाती है कि मानो सारे के सारे एपिसोड खत्म करके ही उनको चैन मिलेगा। आजकल ओटीटी प्लेटफार्मों पर वेबसीरीज की भरमार है। मूवी तो फिर भी दो से ढाई घंटे में खत्म हो जाती है लेकिन वेबसीरीज में अमूमन दस से लेकर बारह तक एपिसोड रहते हैं और प्रत्येक एपिसोड लगभग एक घंटे का होता है। इस हिसाब से एक वेबसीरीज को पूरी तरह से देखने के लिए लगभग दस घंटे चाहिए। अब अगर किसी के अंदर लगातार दस घंटे तक मोबाइल अथवा लैपटॉप में आंखें गड़ाकर पूरी वेबसीरीज को खत्म करने की लगन है, तो कहीं न कहीं उसे सचेत होने की जरूरत है, क्योंकि ये लक्षण एक विशेष तरह के एडिक्शन की तरफ इशारा करते हैं। जाहिर सी बात है कि लगातार दस घंटे तक मोबाइल फोन का प्रयोग करना स्वास्थ्य के लिए पूर्णतया घातक है।

लगातार कई घंटे तक टेलीविजन अथवा मोबाइल को देखते रहना तकनीकी शब्दकोश में बिंजवाचिंग कहलाता है। प्रायः हम सब ऐसा महसूस करते हैं कि अपने पसंदीदा संगीत को सुनने अथवा पसंदीदा मूवी एवं वेबसीरीज को देखने से हमें एक विशेष प्रकार की खुशी मिलती है। किंतु यह भी सत्य है कि इस प्रकार की खुशी सदैव क्षणिक अथवा अल्पकालिक होती है। ज्यों ही हम उस माहौल से बाहर निकलकर पुनः वास्तविकता के घेरे में प्रवेश करते हैं, हमारी मनःस्थिति पुनः परिवर्तित होने लगती है। दरअसल ऐसा इसलिए होता है कि जब हम पसंदीदा संगीत अथवा मूवी आदि पर अपना ध्यान पूर्णतया केंद्रित कर लेते हैं तो हमारे मस्तिष्क में डोपामाइन नामक रसायन स्रावित होता है। यह रसायन ही उस क्षणिक प्रसन्नता के लिए जिम्मेदार होता है। जैसे ही डोपामाइन का प्रभाव शांत होता है, हम पुनः उसी अवस्था में वापसी कर जाते हैं। यह क्रियाविधि हूबहू वैसी ही है जैसे कि नशे की दवाइयां अथवा इंजेक्शन की होती है। खास बात यह है कि डिजिटल ड्रग की लत के दुष्प्रभाव भी वैसे ही हैं जैसे कि नशे की दवाओं के। पहली बात तो यह कि घंटों मोबाइल फोन अथवा लैपटॉप का इस्तेमाल करते रहने से विकिरण की एक बड़ी मात्रा हमारे मस्तिष्क एवं आंखों के संपर्क में आती है। पूर्वी फिनलैंड विश्वविद्यालय में हुए एक शोध के अनुसार टीवी एवं मोबाइल पर एक सीमा से अधिक समय बिताना हृदय रोग, मोटापा, मधुमेह एवं रक्तचाप जैसी बीमारियों का कारण बनता है। इसके अतिरिक्त डिजिटल ड्रग एवं बिंजवाचिंग की लत के अनेक अन्य गंभीर दुष्परिणाम भी सामने आए हैं ,जैसे डिप्रेशन की समस्या, एंग्जायटी की समस्या, मूड स्विंग की समस्या इत्यादि।

## मन की एकाग्रता जरूरी, चंचलता से भटकाव



संकलित

दर्शन

जिसने भी अपने मन को साध लिया उसके लिए हर लक्ष्य आसान हो जाता है। मन की एकाग्रता हमें हमारी आत्मा से साक्षात्कार कराकर हमारी सफलता के नए द्वार खोलती है। इसलिए आज से ही मन को साधने में जुट जाइए। मनुष्य के मन का स्वाभाविक गुण है चंचल होना यानी एकाग्र न होना। इसका चंचल गुण बार-बार हमें हमारे लक्ष्यों से विमुख करता रहता है। मनुष्य का मन उसको भावनाओं और कामनाओं के जाल में बांधकर भांति-भांति के कार्य करवाता है। हमारा मन हमारे शरीर रूपी रथ का सारथी होता है। इसका जिस ओर मन करता है वह उधर ही इसको ले जाता है। इसमें प्रायः गलत राह भी पकड़ ली जाती है। मन का अधिक झुकाव विषयों एवं विकारों की तरफ रहता है। वहां पर हमें इसको बांधने और रोकने की जरूरत महसूस होती है। इसके लिए गीता में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को उपदेश देते हुए कहते हैं, 'हे अर्जुन यदि तुम धीर मति वाले और दृढ़ निश्चयी व्यक्ति हो तो मन की चंचलता पर काबू पाया जा सकता है। मन का मुंहजोर घोड़ा आरंभ में सवार को अपनी पीठ पर आसीन नहीं होने देता है, लेकिन अगर बार-बार कोशिश की जाए तो वह उसे सवार भी होने देगा, उसकी बात मानेगा और उसकी इच्छा के अनुसार चलेगा भी, पर सबसे कठिन होता है मन को किसी एक लक्ष्य पर टिका कर रखना। मन के दृढ़ निश्चयी होने पर ही इस पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इसी को कहते हैं अभ्यास की तलवार चलाना।

## योग का अर्थ अपने कार्यों में दक्षता लाना



संकलित

प्रेरणा

'योग का अर्थ अपने कार्यों में दक्षता लाना है।' योग सिर्फ कसरत नहीं है, बल्कि किसी विशेष परिस्थिति में दक्षता के साथ यदि आप कार्य कर रहे हैं, तो वह भी योग ही है। नवीनता, पूर्वाभास, कौशल और बेहतर संवाद, ये सभी योग के ही प्रतिफल हैं। यह शरीर, मन और भावनाओं को सार्वभौमिक ऊर्जा के साथ जोड़ता है। योग का अर्थ है- जोड़ना। जीवन के समस्त तत्वों को विधिवत जोड़ना। धन से हमें खुशी और आराम मिलता है। योग एक ऐसा धन है, जिससे हमें संपूर्ण आराम मिलता है। योग से न सिर्फ हमारा शरीर रोगमुक्त होता है, बल्कि समाज भी हिंसा रहित होता है। संशय से मुक्त मन, बुद्धि की स्पष्टता, आघात मुक्त स्मृति और दुख से मुक्त आत्मा तो प्रत्येक मानव जीवन का अधिकार है। सभी लोग इस मकसद को पाने के लिए तड़प रहे हैं। योग इसका आसान-सा उत्तर है। लोग सोचते हैं कि योग महज कसरत भर है। ऐसा नहीं है। आज यह जानकर प्रसन्नता होती है कि योग के महत्व को पहचानकर उसे मुख्य धारा में लाया जा रहा है। विश्व भर में योग आराम, खुश रहने और रचनात्मकता का पर्याय माना जाने लगा है। योग तो व्यक्ति का व्यवहार बदल देता है। व्यवहार व्यक्ति के तनाव के स्तर से सीधे संबंध रखता है। यह उस व्यक्ति में मित्रता के भाव जाग्रत करता है। योग हमारे वाइब्रेशन में फर्क लाता है। हम अपनी उपस्थिति से कई बार बहुत कुछ अभिव्यक्त कर देते हैं, जितना कि हम बोलकर नहीं कर सकते।

# भाजपा में ब्राह्मण नेतृत्व की उपेक्षा, कहीं भाजपा का खेला न बिगाड़ दे ?

राजकुमार सिंह चौहान, वरिष्ठ पत्रकार

हिन्दी दैनिक अमन लेखनी लखनऊ









भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो राष्ट्रवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मार्गदर्शन में कार्य करती है जिसका उद्देश्य रहता है भारत के प्रत्येक वर्ग को जोड़कर एक साथ चलने का संकल्प रहता है लेकिन विगत वर्षों में देखा गया है कि भाजपा में स्वर्गीय प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी के बाद कोई भी ब्राह्मण चेहरा नेतृत्व के रूप में नहीं उभर सका है ।

यदि देखा जाए पूर्व में राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा में ब्राह्मण नेतृत्व की भरमार थी जैसे कि अटल बिहारी वाजपेई, मुरली मनोहर जोशी, वेंकैया नायडू, प्रमोद महाजन, सुषमा स्वराज , नितिन गडकरी, संजय भाई जोशी, अरुण जेटली एवं कलराज मिश्र जैसे तमाम वरिष्ट नेताओं का अनुभव पार्टी को समय-समय पर मिलता रहता था, उपरोक्त नेताओं में से तमाम लोग स्वर्गवासी हो गए, भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष वेंकैया नायडू को उपराष्ट्रपति तथा कलराज मिश्र को 75 वर्ष पूर्ण होने पर सक्रिय राजनीति से दूर कर राज्यपाल बना दिया गया और संघ तथा भाजपा मैं समन्वयक के रूप में राष्ट्रीय महामंत्री संगठन के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके प्रखर राजनेता एवं संगठनात्मक कौशल के प्रखर जानकार संजय जोशी को भी सक्रिय राजनीति से दूर कर हासिये पर डाल दिया गया , वहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी को संसदीय बोर्ड से निकाल बाहर कर दिया । इसी प्रकार महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेन्द्र फणनवीस राष्ट्रीय राजनीति में आने को आतुर थे उनको भी उप मुख्यमंत्री बनाकर किनारे लगा दिया गया।

देश में लोकसभा की सबसे अधिक सीटों वाले राज्य उत्तर प्रदेश में संघ एवं भाजपा की पृष्ठभूमि से प्रखरता के साथ भाजपा को मजबूती प्रदान करने वाले नेताओं को भी या तो साइड लाइन कर दिया गया या फिर हांसिए पर डालकर उनका हाल बेहाल कर दिया गया, वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष रहे डॉ० लक्ष्मीकांत बाजपेई के नेतृत्व में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की उसके बावजूद भी उनको भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाकर पार्टी में हासिए पर डाल दिया गया, जबकि भाजपा ने पहली बार लक्ष्मी कान्त वाजपेई के नेतृत्व में प्रदेशमें 73 लोकसभा सीट जीतने का काम किया था उसके बावजूद उनको इस तरह राजनीतिक नेपथ्य में धकेल दिया गया कि उनको उससे निकलने में कई वर्षों तक तपस्या करनी पड़ी, जबकि उनके नेतृत्व में हुई विजय का उनको इनाम मिलना था लेकिन इनाम के बजाय सजा मिल गई । इसी तरह संघ पृष्ठभूमि से आए उत्तर प्रदेश के लखनऊ से बहुत ईमानदार और व्यवहार के अत्यंत सरल, मृदुभाषी राजनेता डॉ० दिनेश शर्मा जो कि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे तथा उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्य कर रहे थे लेकिन उनको भी इस तरह किनारे लगा दिया गया जैसे उनकी भाजपा में आवश्यकता ही ना हो , दोनों जुझारू एवं व्यवहार में कार्यकताओं के प्रति अत्यंत उदार एवं सरल डॉ० लक्ष्मीकांत बाजपेई तथा डॉ० दिनेश शर्मा ने बिना पथ भ्रमित हुए भाजपा का कार्य करते रहे इसके उपरांत उन दोनों राजनेताओं को राज्यसभा का सदस्य बनाकर एक प्रकार से सक्रिय जनता की राजनीति से दूर कर दिया ।

सबसे प्रमुख बात यह है कि संघ के प्रतिनिधि के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन रहे प्रखर राजनेता संजय भाई जोशी जो कि आज भी कार्यकताओं को सहज रूप से सुलभ रहते हैं उनको भी भाजपा में हासिये पर डालकर ब्राह्मण नेतृत्व को नेतृत्व विहीन कर दिया गया ।

इस प्रकार यदि देखा जाए तो राष्ट्रीय राजनीति से लेकर उत्तर प्रदेश की राजनीति में कोई भी ब्राह्मण चेहरा भाजपा में प्रमुख रूप से दिखाई नहीं देता है जो कि सामाजिक समीकरणों के अनुसार भाजपा को कमजोर करता है, क्योंकि भाजपा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी कही जाती है । वास्तव में यदि देखा जाए तो भाजपा में राष्ट्रीयस्वयं सेवक संघ की पृष्ठभूमि से भाजपा में उत्तर प्रदेश में राजनीति कर रहे किसी ब्राह्मण नेता का कोई प्रमुख अस्तित्व दिखाई नहीं पड़ता है लगभग सभी साइड लाइन है, जिसका खमियाजा भाजपा को चुनाव में उठाना पड़ सकता है, चुनाव में सबका साथ आवश्यक होता है, ऐसे में सभी जातियों का संगठन में समावेश होना भी आवश्यक होता है, राजनीतिक दल किसी व्यक्ति विशेष की प्रॉपर्टी नहीं होता, वह सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाला संगठन होता है यदि इस संगठन में भी किसी जाति अथवा वर्ग विशेष के प्रति नकारात्मक भाव रखा जाता है तो वह संगठन के लिए शुभ संकेत नहीं होता है ऐसा ना हो कि यह नकारात्मकता कहीं लोकसभा चुनाव में खेला न बिगाड़ दे ?

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं )

## संक्षेप

### सुल्तानपुर में आंधी से गिरा पेड़

**चौकीदार के बेटे की नीचे दबने से मौत, मेडिकल स्टोर चलाकर पालता था परिवार**

सुलतानपुर, सुल्तानपुर के जयसिंहपुर कोतवाली अंतर्गत गोपालपुर भीटी गांव में चौकीदार के पुत्र की मौत हो गई है। यहां तेज आंधी के बीच यूकेलिप्टस का पेड़ टीन शेड पर गिर पड़ा। चपेट में आकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जयसिंहपुर कोतवाली के गोपालपुर भीटी गांव निवासी दयाराम पाल कोतवाली में चौकीदार हैं। उसके टीनशेड पर तेज आंधी से यूकेलिप्टस का पेड़ गिर पड़ा। जिसमें दयाराम पाल का बेटा कपिलदेव (26) टीनशेड के नीचे दब गया। आस-पास के लोग मौके पर जमा हुए। कड़ी मशक्कत के बाद कपिलदेव को गंभीर अवस्था में बाहर निकालकर सीएचसी जयसिंहपुर पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि बूंदाबांदी और आंधी आने पर कपिलदेव सामान रखने टीनशेड के नीचे गया था। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। तीन बहनें हैं। जिनकी शादी हो चुकी है। घटना के बाद से बड़े भाई राजनाथ, छोटे भाई ज्ञानदेव और पत्नी शालू का रो-रोकर बुरा हाल है। मां धर्मावती और पिता बेसुध हो गए हैं। कोतवाल प्रेम चंद्र सिंह ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। एसडीएम जयसिंहपुर विपिन द्विवेदी ने कहा शासन से पीड़ित परिवारजन को मदद दिलाई जाएगी। कपिलदेव उघड़पुर में मेडिकल स्टोर चलाता था। तीन बेटों में कपिल ही कमाकर घर का खर्च चलाता था। दो साल पहले उसकी शादी हुई थी। दैवीय आपदा से पूरे गांव में शोक की लहर है।

### अयोध्या में सड़क हादसे में युवक की मौत

**बाइक से घर जा रहा था, अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी**

अयोध्या, अयोध्या के तारुन थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपरी नंसा मार्ग पर स्थित नेतवारी गांव के पास सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। हादसा सोमवार रात का है। मृतक सुभाष (20) ग्राम बीकापुर थाना गोसाईगंज का रहने वाले है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पिपरी नंसा मार्ग पर स्थित नेतवारी गांव के पास सोमवार देर रात 20 साल के युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। युवक बाइक से घर जा रहा था। गंभीर अवस्था में 108 की एंबुलेंस से युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तारुन लाया गया । जहां पर तैनात चिकित्सक ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। सुबह फार्मासिस्ट आरके वर्मा ने बताया-मृतक का नाम सुभाष उम्र लगभग 20 वर्ष ग्राम बीकापुर थाना गोसाईगंज का निवासी है । इसकी सूचना तारुन पुलिस को रात्रि में ही दे दी गई थी । जहां देर रात्रि में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है । प्रभारी निरीक्षक थाना तारुन ओमप्रकाश राय ने बताया-शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ।

# एसएसटी ने रूपईडीहा नाका पर पकड़े 51 लाख रुपये



अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। स्टेटिक सर्विलांस टीम ने रूपईडीहा में राणा पेट्रोल पम्प के पास लगाए गए नाके पर वाहनों की जांच के दौरान एक गाड़ी से 51 लाख 500 रुपये बरामद किए हैं। रुपईडीहा थाना प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का पालन करवाने के लिए प्रशासन की तरफ से जगह-जगह नाके लगाकर एसएसटी को जांच करने के लिए तैनात किया गया है। यह टीम वाहनों की जांच करते हुए नकदी को अवैध रूप से लाने ले जाने से रोकने का काम करती है। बुधवार की रात एसएसटी टीम में तैनात कार्यपालक मजिस्ट्रेट कर्मवीर व उप निरीक्षक प्रकाश सरोज, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार निषाद, कांस्टेबल सोविन्द्र यादव, अनुज कुमार की टीम रूपईडीहा में राणा पेट्रोल पम्प के पास नाका लगाकर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक हुंडई आई 20 कार यूपी 80 इ एच 6215 आई, जिसे टीम ने नाके पर जांच करने के लिए रोका। जांच में टीम को कार में 51 लाख 500 रुपये मिले। कार चालक रवि कुमार गुप्ता पुत्र स्व० दीपक कुमार निवासी काजी कटरा थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच व बगल में बैठे धानाजी शिन्दे पुत्र उल्लाहास राव निवासी काजीपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच के रहने वाले है। उक्त बरामद शुदा धनराशि को लेकर थाना रूपईडीहा लाया गया जहाँ पर क्षेत्राधिकारी पयागपुर हीरालाल कनौजिया तथा नायब तहसीलदार नानपारा शैलेश कुमार अवस्थी की मौजूदगी में उक्त बरामद धनराशि की वीडियोग्राफिंग करते हुए काउन्टिंग करायी गयी। अग्रिम विधिक कार्यवाही के लिए आयकर विभाग को सूचना दिया गया।

# महिलाओं को माहवारी के बारे में दी गई जानकारी



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। टाटा ट्रस्ट की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमपुरवा तेजवापुर में ‘माहवारी स्वास्थ्य स्वच्छता मैनेजमेंट शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 51 महिलाओं, किशोरियों ने प्रतिभाग किया। महिलाओं को संक्रामक बीमारी से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में टाटा ट्रस्ट से ज्योति कुमारी ने महिलाओं को संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए माहवारी के दौरान सेनेटरी नैपकिन का प्रयोग करने के लिए सलाह दी। महिलाओं को माहवारी संबंधित व एसटीआई/आरटीआई/यूटीआई संक्रमण के बारे में जागरूक किया तथा माहवारी संबंधित आने वाली समस्याओं की जानकारी जांच, चिकित्सीय परामर्श कर दवाएं उपलब्ध कराई गई। इस मौके पर अधीक्षक डॉ अभिषेक अग्निहोत्री, डा.शिव प्रताप, डा.योगिता, बीसीपीएम रोहित वर्मा, पंकज श्रीवास्तव, तेज बहादुर यादव समेत टाटा ट्रस्ट से मंजू आर्य, शाहजहां, मंजुलिका मौर्य व आशाएं मौजूद रही।

# सीआईएफ के जवानों के साथ कैसरगंज पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस प्रशासन बिल्कुल अलर्ट मोड में है और वहीं पर सीआईएफ के जवानों ने भी चुनाव के मद्देनजर हर कस्बे शहर में फ्लैग मार्च करना शुरू कर दिया है। सीआईएफ के कमांडेंट हरेंद्र नारायण सिंह एवं डिप्टी कमांडेंट अनिल कुमार सिंह कैसरगंज कोतवाल राजनाथ सिंह की जेरेनिगरानी में कैसरगंज क्षेत्र के समस्त संवेदनशील इलाकों का भ्रमण करके आम लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया, साथ ही साथ इंस्पेक्टर कोतवाल राजनाथ सिंह ने बताया कि चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार किसी भी सूरत में शांति व्यवस्था भंग नहीं होने दी जाएगी और पूरी जिम्मेदारी एवं ईमानदारी के साथ निष्पक्ष चुनाव कराया जाएगा। दंगाइयों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। किसी भी सूरत में दंगा फसाद या माहौल को खराब करने वालों को कतई बक्सा नहीं जाएगा।

# आगामी चुनाव के मद्देनजर एसडीएम ने की सभी इंस्पेक्टर्स के साथ बैठक

**सघन चेकिंग अभियान तेज करें: एसडीएम कैसरगंज**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आज गुरुवार को चुनाव आयोग के निर्देशनुसार उप जिलाधिकारी कैसरगंज पंकज दीक्षित एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी रूपेंद्र कुमार गौड़ ने तहसील कैसरगंज के अंतर्गत सभी थानों के इंस्पेक्टर्स के साथ बैठक की एवं इलेक्शन कमीशन के दिशा निदेर्शानुसार कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का आदेश भी दिया। एसडीएम कैसरगंज ने बताया कि चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार सघन चेकिंग अभियान तेज कर दी गई है और जो भी पार्टियां मतदाताओं को पैसा बांटने की संबंधी कोई भी जानकारी मिलती है तो उनके खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन की सुसंगत धाराओं के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसी के मद्दे नजर जितने भी एस एस टी चेकिंग पॉइंट बनाए गए हैं सभी पॉइंट चेकिंग सेंट्रो पर मजिस्ट्रेट तैनाती कर दी गई है साथ ही साथ पुलिस महकमें को अलर्ट कर दिया गया है कि बहुत ही गंभीरता पूर्वक चेकिंग अभियान करें एवं किसी भी



तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर थाना इंस्पेक्टर कैसरगंज राजनाथ सिंह फखरपुर थाना इंस्पेक्टर पांडे जरवल रोड इंस्पेक्टर एवं थाना हुजूरपुर इंस्पेक्टर मौजूद रहे।

# डीएम मोनिका रानी ने गल्ला मण्डी परिसर का किया निरीक्षण

**स्ट्रांग रूम के लिए चयनित कक्ष-कक्षों का लिया जायजा**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। अप्रैल। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से 57-(आंशिक) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र कैसरगंज अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पयागपुर व कैसरगंज में 20 मई 2024 को सम्पन्न होने वाले मतदान हेतु पोलिंग पार्टियों की रवानगी, वाहनों की पार्किंग, कार्मिकों तथा इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों को सुरक्षित रखे हेतु स्ट्रांग रूम के लिए चयनित किए गए कक्ष-कक्षों का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला व मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर व अन्य



अधिकारियों के साथ नवीन कृषि उम्पादन मण्डी समिति सलारपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने पोलिंग पार्टियों, जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों तथा रिजर्व कार्मिकों के बैठने इत्यादि का जायजा लेते हुए निर्देश दिया कि किसी भी कार्मिक असुविधा नहीं होनी चाहिए। शुष्क मौसम को दृष्टिगत रखते हुए डीएम ने कहा कि कार्मिकों के लिए शीतल जल का माकूल बन्दोबस्त किया जाय। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामान्द कुशवाहा सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर फखरपुर पुलिस व पीएसी बल ने किया फ्लैग मार्च

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार व पुलिस अधीक्षक बहराइच वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में फखरपुर थानाध्यक्ष करुणाकर पाण्डेय ने फखरपुर पुलिस टीम व पीएसी बल के साथ थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुंडासर चौराहा से जाने वाले सभी मार्गो पर लोकसभा चुनाव-2024 को भयमुक्त व शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न कराने एंव मय दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ फ्लैग मार्च / एरिया डोमिनेशन किया। फ्लैग मार्च के दौरान थानाध्यक्ष करुणाकर पाण्डेय ने बताया की लोक सभा चुनाव के मद्देनजर कुंडासर, वजीरगंज, कुड़ासपारा, गजाधरपुर, फखरपुर में फ्लैगमार्च निकाला गया है, और अपने थाना क्षेत्र के संवेदनसील चौराहों पर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया गया व लोगों से भयमुक्त होकर मतदान की अपील की गई साथ ही चुनाव में गड़बड़ी पैदा करने वाले व शांति व्यवस्था खराब करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी गयी। पीएसी बल व थाना फखरपुर के टीम मौजूद रहे।

# अयोध्या में फिर दिखाई दिया तेंदुआ

- **ग्रामीणों में दहशत का माहौल, एक हफ्ते पहले भी गांव में दिखे थे पैरों के निशान**

अमन लेखनी समाचार



अयोध्या, अयोध्या के माझा बरहटा गांव में को तेंदुआ दिखाई दिया। गांव में उसके पैरों के निशान दिखाई देने से लोगों में दहशत माहौल है। सूचना के बाद पुलिस और वन विभाग की टीमें अलर्ट हो गई हैं। ग्रामीणों के अनुसार एक सप्ताह पहले भी गांव में तेंदुए के पैर के निशान मिले थे। पुलिस ने बच्चों को लेकर एहतियात बरतने की अपील की है। अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के माझा बरहटा क्षेत्र में सोमवार रात करीब दो बजे गांव गांव वालों को तेंदुआ दिखाई दिया। ग्रामीणों का शोर सुनकर तेंदुआ गन्ने के खेत की तरफ चला गया। गांव में तेंदुआ मिलने की सूचना पर गांव के लोग इकट्ठा हो गए। गांव के गंगा राम ने बताया ‘गांव में एक हफ्ते पहले भी तेंदुए के पैर के निशान दिखाई दिए थे। लेकिन सोमवार रात को दोबारा गांव में तेंदुआ ने दस्तक दी है। जो कि वाकई में चिन्ता का विषय है। वहीं गांव में तेंदुआ आने से ग्रामीण दहशत में है। ग्रामीण अपने पालतू पशुओं और बच्चों को लेकर चिंतित दिखाई दे रहे हैं। वहीं ग्रामीण रातभर जागकर रखवाली करते दिखाई दिए। ग्रामीणों ने 112 नंबर पर तेंदुआ मिलने की सूचना दिया। इसके बाद टीम गांव में पहुंची। गौ रक्षक और समाजसेवी रितेश मिश्र ने बताया ‘गांव में तेंदुआ मिलने की जानकारी वन विभाग को दे दी गई है। अयोध्या रेंज के वन दरोगा ने बताया कि पंजों के निशान मिले हैं। जिसके निशान देही पर तेंदुआ की तलाश की जा रही है। अयोध्या जिले में पिछले दो सालों में कई बार तेंदुआ दिखाई दिया। अगस्त 2022 में अयोध्या कैंट थाना क्षेत्र के मीरनघाट के पास तेंदुए दिखाई दिया था। 6 जनवरी 2024 को दर्शननगर के पास ट्रेन की चपेट में आने से तेंदुए की मौत हो गई थी। इससे पहले रौनाही थाना क्षेत्र में पिछले वर्ष तेंदुआ दिखाई दिया था।

# एमएससी छात्र की मौत, विश्वविद्यालय में धरने पर बैठे छात्र-छात्राएं

**रात 2 बजे छात्रों ने कार्रवाई के लिए कुलपति को दिया ज्ञापन, पुलिस जांच में जुटी**

अमन लेखनी समाचार



मिल्कीपुर, अयोध्या के कृषि विश्वविद्यालय के सरयू छात्रावास में एमएससी एग्रोनॉमी के छात्र की मौत के बाद विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं का गुस्सा घटना के बाद सातवें आसमान जा पहुंचा। देर शाम छात्र-छात्राएं कुलपति आवास को जाने वाले मुख्य गेट पर पहुंच गए और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। उधर महिला छात्रावास की छात्राएं भी गेट पर पहुंची और धरने पर बैठ गई। छात्रों के धरना प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही उप पुलिस अधीक्षक मिल्कीपुर सुनील कुमार सिंह इनायत नगर, खण्डासा व थाना कुमारगंज प्रभारी निरीक्षक रतन सिंह समेत तीनों थाने से भारी संख्या में पुलिस फोर्स भी मौके पर पहुंच कर छात्र-छात्राओं को शांत करने का प्रयास करते रहे। लेकिन नाराज एवं उग्र छात्र छात्रों की मांग थी कि छात्र की मौत के जिम्मेदार उसके गाइड एसोसिएट प्रोफेसर डॉ विशुद्धानंद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराते हुए जेल भेजा जाए। विश्वविद्यालय के कुलपति स्वयं छात्र-छात्राओं के पास आकर वार्ता करें।

आंदोलित छात्र-छात्राओं की मांगों की जानकारी के बाद कुलपति की ओर से पांच छात्रों को बात के लिए बुलाया गया। छात्रों ने कुलपति आवास पर जाने से मना कर दिया और कहा कि कुलपति जब तक मौके पर नहीं आएंगे हम लोग नहीं हटेंगे। उधर मृतक छात्रा के परिजन भी विश्वविद्यालय पहुंच गए।

रात करीब 2:00 बजे कुलपति छात्रों से वार्ता करने के लिए आए तो छात्र उग्र हो गए।

# हापुड़ में आईपीएल में सट्टा लगाने वाले गिरोह का खुलासा

- **लैपटॉप, 2 लाख रुपए और कार बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार




हापुड़, हापुड़ एसओजी और थाना देहात पुलिस ने आईपीएल मैच में सट्टा लगाने वाले 2 सटोरियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 2 लाख रुपए की नकदी, लैपटॉप, मोबाइल फोन और एक कार बरामद की है। सदर डीएसपी वरुण मिश्रा ने बताया कि दोनों सटोरिए क्रिकेट लाइव गुरु एप के माध्यम से आईपीएल मैच का स्कोर टारगेट करते थे। चिह्नित कर सट्टे की खाईबाड़ी कर बैटिंग असिस्टेंट आई बुक एप में सट्टे का लेखा जोखा रखते थे। पुलिस को मुखबिर द्वारा सटोरियों की सूचना मिली। पुलिस ने दोनों सटोरियों को गिरफ्तार करने का जाल बिछाया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया है। डीएसपी ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से 2 लाख 47 हजार 500 रुपए नकद, 1 लैपटॉप, 3 मोबाइल फोन और एक आई-10 कार बरामद की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम अजीम निवासी गद्दापड़ा दिल्ली गेट हापुड़ और अराफत निवासी मजीदपुरा हापुड़ है, जिन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है

# डीएम ने इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कलेक्ट्रेट में स्थापित इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए कर्मचारियों को निर्देश दिया कि बूथ लेबिल अधिकारियों से वार्ता कर नियमित रूप से मतदाता पर्ची वितरण कार्य की प्रगति का जायजा लेते रहें तथा कैसरगंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में अवस्थित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों पयागपुर व कैसरगंज के ग्राम प्रधानों व कोटेदारों से भी सम्पर्क मतदाता पर्ची वितरण का फीड बैक प्राप्त करें तथा उन्हें निर्देशित किया जाय कि 20 मई 2024 को होने वाले मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए लोगों को जागरूक करें।

# सुलतानपुर में भाजपा का युवा सम्मेलन

- **कैबिनेट मंत्री एके शर्मा बोले- पिछली बार से ज्यादा मार्जिन से जीतेंगी मेनका गांधी**

अमन लेखनी समाचार




सुलतानपुर, सुलतानपुर में योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री एके शर्मा पूर्व केंद्रीय मंत्री और सिटिंग सांसद मेनका गांधी के लिए समर्थन मांगने पहुंचे थे। कुड़वार बाजार के एक निजी मैरिज लॉन में भाजपा की ओर से युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया था। कुड़वार बाजार में हुआ कार्यक्रम मीडिया ने उनसे सवाल किया कि राहुल गांधी कह रहे 4 जून के बाद मोदी प्रधानमंत्री नहीं बनने जा रहे। इस पर उन्होंने कहा पहले भी ये लोग यह कह चुके हैं। कोई नई बात नहीं है। देश की जनता तय करती है कौन प्रधानमंत्री रहेगा। हम सभी, देश, देश की जनता ये संकेत दे रही है, स्पष्ट आत्म विश्वास दे रही है मोदी देश के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। वहीं, जब उनसे बृज भूषण शरण सिंह के सीएम योगी के बुलडोजर के विरोध को लेकर सवाल हुआ तो उन्होंने जवाब नहीं दिया। एके शर्मा ने कहा कि युवा मोर्चा का कार्यक्रम था। यहां हजारों की संख्या में युवा शक्ति उपस्थित थी। सभी मेनका गांधी को ऐतिहासिक मतों से जिताने के लिए उत्साह, ऊर्जा आपने देखा है। सबने ये निर्णय और निश्चय किया है कि मेनका गांधी की जीत निश्चित है, लेकिन पिछली बार से कई गुना मार्जिन के साथ इनको यहां से जिताकर लोकसभा में भेज देना है। मंत्री ने कहा कि पहली बार ऐसा हुआ है कि नगर विकास विभाग ने बड़ी रकम सुलतानपुर की नगर निकायों को दिया है। 2022-23 में हमने जिले को नगर विकास योजनाओं की विभिन्न योजनाओं के लिए 11 करोड़ 31 लाख रुपए दिया है। मंत्री ने कहा साढ़े चालीस लाख की ग्रांट भी यहां आई है।

## संक्षेप

### जौनपुर में युवक ने की अधेड़ की हत्या

**रात में घर आकर पत्नी से बोला- एक को मार कर आ रहा तूझे भी गाड़ दूंगा**

जौनपुर, जौनपुर के सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के हरबसपुर गांव में सोमवार की रात घर से कुछ दूरी पर सो रहे एक वृद्ध को एक युवक ने कुल्हाड़ी वह हसिया से मारकर मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी खुद आरोपी के लड़के ने मृतक के परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने आरोपी को पकड़ लिया, तथा इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। बता दें कि सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के हरबसपुर गांव में देर रात खाना-पीना खाने के बाद लालजी यादव (65) अपने घर से तकरीबन 1 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पाही पर सोने के लिए चले गए। देर रात करीब 12 बजे बगल का धर्मेंद्र निषाद शराब की नशे में आकर पुरानी रंजिश के चलते लाल जी के ऊपर कुल्हाड़ी और हसिया से उनके गर्दन और सिर पर हमला कर दिया। मौके पर लालजी की मौत हो गई। इसके बाद अपने घर पर अपनी पत्नी को चिल्लाते हुए बोला कि अभी एक को मौत के घाट पर उतर कर आया हूं तुझे भी खनकर गाड़ दूंगा। यह बात सुनकर आरोपी का बेटा आजाद निषाद ने इसकी सूचना मृतक के परिजन तथा पुलिस को भी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया तथा मामले की जांच पड़ताल कर रही है। गांव के लोगों ने बताया की लालजी पेशे से किसान थे। पुरानी रंजिश के चलते युवक ने उन्हें मौत के घाट उतार दिया है। थाना प्रभारी राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि युवक ने शराब के नशे में ऐसा किया है। हालांकि उसे गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### जौनपुर में फांसी के फंदे से लटकी मिली विवाहिता

**परिजनों में पसरा मातम, 10 साल पहले हुआ था विवाह, पति-पत्नी में चल रहा था विवाद**

जौनपुर, जौनपुर के बरसठी थाना क्षेत्र के सरसरा गांव में एक महिला का फांसी के फंदे पर लटकता हुआ शव मिला। शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है। वहीं परिजनों में मातम पसर गया है। जानकारी के अनुसार मृतका अजोरा बिंद (29) वर्ष पत्नी विनोद बिंद की शादी को 10 साल हो गए। दोनों से दो बच्चे भी हैं। एक बेटी और एक बेटा। महिला का मायका गोपीगंज के भगत पट्टी गांव में है। पति विनोद ने बताया कि अभी 12 तारीख को अपनी बहन के घर चकिया में मेरी पत्नी अजोरा और बच्चे साथ गए थे। कल घर पर वापस आए और रात को खाना खाकर बच्चों के साथ घर के बरामदे में सोए रात 11:30 बजे तक दोनों ने बातचीत किया। कब घर के एक कमरे में बल्ली के सहारे महिला ने फांसी लगाई, उसकी जानकारी पति को तब हुई जब साथ में सो रहा बेटा रोने लगा। इसके बाद घटना की जानकारी विनोद के घर वालों ने मायके वालों को दिया। जहां लड़की के भाई ने 112 नंबर पुलिस को सूचना दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है।

# चुनावी सभा में पार्टी मुखिया ने विपक्ष पर कसा तंज

**सपा बसपा तथा भाजपा के शीर्ष नेताओं की सभा में उमड़ा जन सैलाब**

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद में होने वाले पांचवें चरण के मतदान हेतु जनपद के अनेक क्षेत्रों में सपा बसपा तथा भाजपा पार्टी के शीर्ष नेताओं ने सभा करते हुए जनता से वोट मांगे जनपद के सदर क्षेत्र अंतर्गत मुस्लिम इंटर कॉलेज पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर करारा प्रहार करते हुए वर्तमान प्रत्याशी पर गहरा तंज कसा वही खागा पहुंची बहुजन समाजवादी पार्टी की मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भारतीय जनता पार्टी को जुमले बाज सरकार बताते हुए अपने पक्ष में मतदान करने



के लिए जनता से अपील की इसी प्रकार जनपद के जोनिहा कस्बे पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभा को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कराए गए विकास को दोहराया गरीब जनता को मिल रहा है निशुल्क खाद्यान्न मार्ग आवास शौचालय इत्यादि पर विस्तृत चर्चा करते हुए विकास कार्यों का चिट्ठा खोला वही मुख्यमंत्री ने बिना किसी जाति भेद के आम जनमानस से देश हित के लिए कमल के फूल पर मतदान करने की अपील की इस मौके पर सभी स्थानों पर पुलिस प्रशासन की कड़ी चौकसी लगाई गई वहीं जनपद के पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह समेत सभी क्षेत्राधिकारी जिम्मेदारी का निर्वहन करते दिखाई दिए

# जिला बदर अपराधी घर पर फरमा रहा था आराम, पुलिस ने की नींद हराम

**तमंचा जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार, भेजा जेल**

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिगही निवासी जिला बदर अपराधी व्यास मुनि यादव उर्फ विदेशी पुत्र रामजग यादव को हरपुर-बुदहट पुलिस ने जिलाधिकारी के आदेश पर जिला बदर के क्रम में 4 मई 2024 को जनपद महराजगंज के थाना कोतवाली सदर में 6 माह तक के लिए आमद कराया गया था, लेकिन मुखबिर खास से सूचना मिली कि जिला बदर अपराधी आदेश का उलंघन करते हुए थाना क्षेत्र के कुआवल पुल के पास खड़ा है, थानाध्यक्ष विशाल कुमार उपाध्याय मय फोर्स के साथ



बुधवार को भोर में 4 बजे के करीब कुआवल पुल के पास से जिला बदर अपराधी व्यास मुनि यादव उर्फ विदेशी पुत्र रामजग यादव को एक अदद तमंचा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर धारा 3/10 उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम व 3/25 आयुध अधिनियम पंजिकृत कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

# घायल ईंट भट्ठा मुंशी एवं पूर्व ग्राम प्रधान की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के एक ईंट भट्ठा पर मुंशी का काम देख रहे पूर्व प्रधान जगरनाथ यादव पुत्र मिठाई लाल यादव की ईंट भट्ठा पर ट्रैक्टर के नीचे लेट कर बनाते समय अचानक ट्रैक्टर स्टार्ट हो जाने से शरीर पर ट्रैक्टर का पहिया चढ़ जाने के कारण बुरी तरह घायल हो गए थे, जिनका इलाज शहर के शाही ग्लोबल अस्पताल में चल रहा था कि बुधवार की रात में उनका इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अनन्तपुर स्थित एक ईंट भट्ठा पर मुंशी का काम देख रहे पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत भदरखी टोला तुर्कवलिया निवासी 45 वर्षीय जगन्नाथ यादव की मंगलवार को भट्ठा पर ट्रैक्टर के नीचे लेट कर टैक्टर बनाते समय अचानक ट्रैक्टर स्टार्ट हो जाने से पहिया उनके शरीर के उपर चढ़ गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे, घायलावस्था में भट्ठा पर मौजूद अन्य कर्मचारियों ने भट्ठा मालिक को सूचना देकर तत्काल अस्पताल ले गए जहां बुधवार को देर रात उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। उनका दाह संस्कार बृहस्पतिवार को सरयू नदी के बिड़हर घाट पर कर दिया गया। उनके एक पुत्र तथा दो पुत्रियां हैं।

# जबरन कोटेदार ग्राहकों पर डाल रहे डाका

**जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जरूरी नहीं अन्य सामग्री लेना**

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के अनेक क्षेत्रों में खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा संचालित राशन कोटे के अंतर्गत कोटेदारों की मनमानी धडल्ले से चल रही है जहां निशुल्क खाद्यान्न सामग्री के साथ कम दामों में खरीद कर अच्छी बचत करते हुए मच्छर मार अगरबत्ती ग्राहकों के हाथ में थमाया जा रहा है जनपद के बिंदकी तहसील अंतर्गत बाग बादशाही क्षेत्र में संचालित राशन कोटे का जनता की शिकायत पर निरीक्षण किया गया जहां गरीब जनता ने बताया कि जब सरकार निशुल्क खाद्यान्न दे रही है तो फिर स्थानीय कोटेदार साबित अली 100 रुपये लेकर जबरन मच्छर मार अगरबत्ती धनिया साबुन तथा एक निरमा का पैकेट गरीब जनता के माथे पर क्यों ठोक रहा है जिस ग्राहक के पास पैसे उपलब्ध नहीं है उसे राशन देने से कोटेदार साबित अली ने साफ इनकार





कर दिया इस मामले में केवल खजुहा बिंदकी क्षेत्र ही नहीं अपितु जनपद के मलवा देवमई अमौली आदि सभी विकासखंडों में संचालित कुछ चिन्हित राशन कोटे भी मौजूद हैं

### क्या बोले जिलापूर्ति अधिकारी

इस मामले में जिला पूर्ति अधिकारी से जानकारी ली गई जहां उन्होंने बताया कि निशुल्क खाद्यान्न राशन वितरित किया जा रहा है इससे अतिरिक्त किसी भी ग्राहक को जबरन अन्य सामग्री वितरित करने का कोई आदेश नहीं है उन्होंने कहा कि इस विषय में बिंदकी क्षेत्र के सप्लाई इंस्पेक्टर से बात करते हुए कोटेदार की जांच करा कर सख्त हिदायत दी जाएगी यदि दोबारा ग्राहक की ऐसी कोई शिकायत मिली तो कोटेदार के ऊपर दंडात्मक कार्यवाही करते हुए सख्त कदम उठाया जाएगा वहीं जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि निरमा साबुन धनिया पाउडर तथा मच्छर मार अगरबत्ती सहित अन्य सामग्री अपनी इच्छा अनुसार ग्राहक ले सकता है अन्यथा कोई कोटेदार ग्राहक पर जबरन दबाव नहीं बनाएगा

# गोरखपुर में 25 लीटर अवैध शराब बरामद, 3100 किलो लहन किया गया नष्ट

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने आज 16 मई 2024 को ड्रोन की मदद से थाना राजघाट के ग्राम अमूर तानी में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ सफल दबिश दी। दबिश के दौरान, टीम ने लगभग 25 लीटर अवैध शराब बरामद की और 3100 किलो लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया। इसके साथ ही, एक दर्जन से अधिक अवैध भट्टियों को भी तोड़ दिया गया। आबकारी विभाग के द्वारा दो के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किए गए।

# गीडा में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर मे फामेर्सी विभाग एवं सेंटर फॉर साइट के संयुक्त तत्वाधान मे एक निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया इसका उद्घाटन संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह के द्वारा किया गया शिविर का उद्घाटन करते हुए निदेशक डॉ एन सिंह ने कहा कि आजकल मोबाइल के अधिक प्रयोग करने से आँखों पर इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा हैं, इसीलिए आज के समय मे बहुत कम उम्र मे ही आँखों मे कई तरह की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं सेंटर फॉर साइट कि तरफ से आये हुए चिकित्सकों की टीम ने लगभग 150 से अधिक लोगों लोगों की आँखों





की जाँच की और उचित परामर्श दिये इस अवसर पर फामेर्सी के निदेशक पी डी पांडा, डॉ आर पी सिंह, संकायध्यक्ष डॉ निधि गुप्ता, विभागाध्यक्ष श्वेता सिंह, डॉ मनोज कुमार मिश्र डॉ आशुतोष पाण्डेय, प्रदीप कुमार चौधरी, शम्भुनाथ पाण्डेय, धीरज कुमार, सचिन कुमार, अभिषेक जायसवाल, अरशद अयूब सहित सभी छात्र- छात्राएं मौजूद रहे।

# अनूपशहर में गंगा सप्तमी पर घाटों पर उमड़ी भीड़

**श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी, स्नान से पहले बच्चों का कराया मुंडन**

अमन लेखनी समाचार

अनूपशहर, अनूपशहर में मंगलवार को गंगा सप्तमी पर्व पर बबस्टर गंज घाट, बाबा मस्तराम घाट, गंगा पुल पर एवं कच्चे घाटों पर बड़ी तादाद में श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिए पहुंचे। अनूपशहर एवं अहार के गंगा घाटों पर तड़के से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। बड़ी तादाद में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए गंगा घाट पर पहुंचे। गंगा स्नान के पहले श्रद्धालुओं ने बच्चों का धार्मिक विधि विधान से मुंडन कराया। पालिकाध्यक्ष ब्रजेश गोयल ने अनीता गोयल सपत्नीक लालमहादेव घाट पर वेदमंत्रों के साथ गंगा पूजन किया व दूध का भोग लगाया मान्यता है कि गंगा सप्तमी पर गंगा स्नान करने से देवता खुश होते हैं। इसी के चलते श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान करने के बाद गंगा तट पर स्थित मंदिरों में



पूजा अर्चना की तथा प्रसाद का वितरण किया। इसके बाद भगवान सत्यनारायण व्रत कथा का श्रवण कर अपने परिवार की सुख समृद्धि एवं धन धान्य की कामना की। श्रद्धालुओं ने पुरोहितों को दान पुण्य भी किया एवं गरीबों के लिए भी भोजन कराया। गंगा घाटों पर प्राइवेट गोताखोर एवं नावें तैनात रही। जिससे किसी अनहोनी की दशा में तुरंत सक्रिय होकर हादसे को रोका जा सके। पुलिस प्रशासन द्वारा भी गंगा स्नान के मद्देनजर व्यापक बंदोबस्त किए गए। इस दौरान पुलिस फोर्स द्वारा असामाजिक तत्वों की हरकतें आदि पर भी निगाह रखी जा रही थी। अहार में अवंतिका देवी मंदिर पर भी गंगा स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा अर्चना की तथा चुनरी नारियल इत्यादि भेंट किया। अनूपशहर व अहार गंगातट पर गंगा प्रकटोत्सव पर धार्मिक रीतिरिवाजों के साथ पुरोहितों ने पूजा अर्चना करायी। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने मां गंगा को दूध चढ़ाया व खीर का भोग लगाया। गंगा सप्तमी के अवसर पर अनूपशहर में जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया।

पालिका अध्यक्ष ब्रजेश गोयल द्वारा मस्तराम बाबा की समाधि पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। *गंगा घाट पर चलाया गया सफाई अभियान*सेवा भारती अनूपशहर व गायत्री परिवार द्वारा गंगा घाटों पर गंगा सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर संजीव गुप्ता, अमरनाथ राय, भुवनेश वाष्णेय, महेंद्र शर्मा, सर्वेश वाष्णेय, कंचन राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# पानी नहीं तो वोट नहीं

**ग्रामीणों ने लिया वोट बहिस्कार का निर्णय, 2009 लोकसभा चुनाव में कर चुके हैं बहिस्कार**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र, सोनभद्र के विकास खंड नगवा के ग्राम पंचायत आमडीह के राजस्व गांव कुरवल के ग्रामीणों ने हर घर नल योजना के तहत पानी न मिलने को लेकर लोकसभा चुनाव के बहिष्कार को लेकर पंचायत भवन पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करते हुए शीतबसन्त, नवीन तिवारी ने बताया कि करीब एक हजार आबादी वाले गांव में आज लोग एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं हर घर नल योजना से जब से सप्लाई चालू हुई है अभी तक दो चार घर छोड़ दें तो कहीं पानी नहीं मिल रहा है। वहीं सियाराम, जोगीन्दर ने बताया कि गांव में हैंडपंप में पानी का लेयर न होने से और टैंकर से सप्लाई बंद होने से करीब पांच सौ मीटर दूर से खेत के बोर से पानी





लाकर उबाल कर पीना पड़ता है। अगर यही सब समस्या दूर नहीं हो पा रही है तो हम लोग किसी को वोट क्यों दे। उमाशंकर, राजकरन ने बताया कि 2009 लोकसभा चुनाव में भी बिजली सड़क आदि को लेकर हम लोगों ने वोट बहिस्कार कर दिया था तो कुछ समस्या दूर हुई थी।

लेकिन वो भी लालीपॉप जैसा था इस बार मुख्य समस्या पानी का है, इसको लेकर सम्बंधित अधिकारियों से कई बार कहा गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिससे ग्रामीण वोट बहिस्कार को लेकर प्रतिबद्ध हैं।

# करंट लगने से युवक की मौत

**घर में पसरा मातम, कूलर में पानी भरने के दौरान हुआ हादसा**

अमन लेखनी समाचार



अनपरा, सोनभद्र के रेनुसागर चौकी क्षेत्र के रेहटा गांव में कूलर में पानी भरने के दौरान अचानक एक युवक को करंट लग गया। जिससे युवक घायल हो गया। आनन-फानन में परिजनों ने देवेंद्र (38) पुत्र रामलल्ला को बेहोशी की हालत में निजी चिकित्सालय लेकर गए। जहां चिकित्सक ने जांच के बाद युवक की मौत होने की पुष्टि की। अनपरा थाना अंतर्गत रेहटा में सुबह एक युवक घर पर कूलर में पानी डाल रहा था, तभी उसे जोर का करंट लगा और पलट कर गिर गया। जिसके बाद परिजनों के द्वारा उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर द्वारा जांच के बाद मृत घोषित कर दिया गया। बता दें कि पुलिस को घटना की सूचना रविन्द्र यानी मृतक के छोटे भाई द्वारा दी गई है। बताया गया कि मृतक देवेंद्र सुबह सो कर उठे और अपने घर के कूलर में पानी न होने पर पानी भर रहे थे। उस समय कूलर चालू हालत में था, जिससे चालू कूलर से देवेंद्र को करंट लग गया।

# बदमाशों ने सीओ के बेटे पर किया जानलेवा हमला

**हाईवे पर रोककर मारपीट की, अवैध हथियार ताना, गाड़ी के शीशे तोड़कर फरार**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित दिल्ली देहरादून हाईवे पर युवकों ने सीओ के बेटे पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों के द्वारा मारपीट के दौरान सीओ का बेटा घायल हो गया। आरोपी यहीं नहीं रुके। पीड़ित की गाड़ी में जमकर तोड़फोड़ की। शीशे तोड़ दिए। आरोपी हाथों में अवैध हथियार लिए हुए थे। हाइवे पर जाम लग गया। किसी तरह पीड़ित आरोपियों की चगुल से बचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी। आर्यमन यादव पुत्र उपेंद्र कुमार यादव छठी वाहिनी पीएसी में मौजूद सरकारी आवास में अपने परिवार के साथ रहता है। आर्यन के पिता पीएसी में सीओ के पद पर तैनात हैं। जानकारी के अनुसार आर्यन देहरादून में प्रॉपर्टी



का काम करता है। वह अपनी मर्सिडीज कार से गाजियाबाद जा रहा था। दिल्ली देहरादून हाईवे पर स्थित कैलाशी हॉस्पिटल के पास कार सवार आधा दर्जन युवकों ने आर्यन की कार के सामने अपनी कार लगाकर आर्यन को रोक लिया। आर्यन के अनुसार सभी आरोपी शराब के नशे में धुत थे। पीड़ित आर्यन ने बताया कि कार सवार आरोपियों ने उसके साथ बिना किसी कारण गाली गलौज शुरू कर दी। आर्यन के विरोध करने पर आरोपियों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। हाईवे पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। आर्यन को बचाने का प्रयास किया, लेकिन इस दौरान आरोपियों ने बीच बचाव में आए लोगों पर भी अवैध हथियार तान दिए। मारपीट के दौरान हाईवे पर जाम की स्थिति पैदा हो गई। आरोपी यही नहीं रुके, आरोपियों ने आर्यन की कार में जमकर तोड़फोड़ करते हुए उसकी कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। हंगामे से हाईवे पर जाम लग गया। वहीं घटना स्थल पर इकट्ठा हुए लोगों को देखकर आरोपी आर्यन को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। आरोपियों के हमले में आर्यन घायल हो गया। पीड़ित आर्यन ने आरोपियों के जाने के बाद मामले की सूचना डायल 112 की पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित आर्यन से तहरीर लेकर मामला सीओ के बेटे से जुड़ा होने के चलते आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी। आर्यन ने एक युवक को पहचान कर आरोपियों की कार का नंबर पुलिस को दिया। उसी आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## संक्षेप

### मौसम के पलटी मारने से आम जन जीवन अस्त व्यस्त

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। गुरुवार को मौसम के अचानक पलटी मार देने से दोपहर को कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सन्नाटा पसर गया। पारा 43 डिग्री पहुंचने से आम जनमानस के साथ दोपहर में पशु पक्षी भी बेहाल नजर आए। सभी छांव की तलाश में इधर-उधर भटकते नजर आए। मौसम ने गुरुवार को अचानक अपना रुख बदला और दोपहर होते-होते धरा तवे की मानिंद तपने लगी। हवा के गर्म थपेड़ों से सड़कों में सन्नाटा पसर गया। तापमान का पारा 43 डिग्री जा पहुंचा। इससे आम जनमानस के साथ पशु पक्षी बेहाल नजर आए। वहीं छांव की तलाश में इधर से उधर भटकते नजर आए। वहीं राहगीरों का गला तर करने के लिए नगर पंचायत ने कस्बे के बस स्टॉप, पैलानी तिराहा, थाना चौराहा में प्याऊ के इंतजाम कराए हैं। यह प्याऊ सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक प्रतिदिन खुलते हैं। इन प्याऊ के खुलने से राहगीर काफी राहत महसूस कर रहे हैं।

### शराब मांगने पर मना करने से पीटा

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। उद्योग नगरी में एक इस्पात फैक्ट्री के समीप परचून की दुकान में बैठे दुकानदार को चार लोगों ने शराब न देने पर जमकर पीटा और फरार हो गए। दुकानदार ने मुकदमा दर्ज कराया है। चंद्रपुरवा बुजुर्ग निवासी दुष्यंत सिंह उद्योग नगरी में एक इस्पात फैक्ट्री के समीप परचून की दुकान किए हैं। बुधवार को देर रात अनूप कुमार, मनोज विश्वकर्मा, उत्तम कुमार, रोहित निवासी लखीमपुर खीरी दुकान पर आए और शराब की मांग करने लगे दुकानदार के मना करने पर चारों ने दुकानदार को जमकर पीटा और भाग निकले पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके चारों को गिरफ्तार करके शांति भंग में न्यायालय भेजा है।

### कस्बे में एटीएम सुविधा चालू हो जाने से ग्राहकों में खुशी

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर। कस्बा कुरारा के इंडियन बैंक में ए टी एम सुविधा चालू हो जाने से ग्राहकों में खुशी की लहर है। कस्बा कुरारा में स्थित इंडियन बैंक, आर्यावत बैंक, कोआपरेटिव बैंक, तथा ग्रामीण क्षेत्र के पारा, बेरी, शेखुपुर, मिस्त्रीपुर, आदि गांवों में बैंक शाखा संचालित है। लेकिन किसी बैंक में ग्राहकों की सुविधा के लिए ए टी एम की व्यवस्था नहीं मिल पाई थी। इंडियन बैंक शाखा प्रबंधक महेंद्र कुमार के प्रयास से एक दशक से प्रतीक्षा रत ए टी एम का शुभारंभ हो गया। कस्बा निवासी मयंक कुमार, बीरप्रताप, रामनरेश आदि ने बताया कि ए टी एम से बैंको में लगने वाली लाइन खतम हो जायेगी। तथा लोगो को पैसे निकालने में इंतजार नहीं करना पड़ेगा। शाखा प्रबंधक ने बताया कि ए टी एम से जमा निकासी की सुविधा मिल जायेगी।

## सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक और व्यय ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर सलेमपुर और बलिया लोकसभा संसदीय क्षेत्र के किये गये तैयारियों का किया आकलन

**आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन करें सुनिश्चित–सामान्य प्रेक्षक**

**कानून व शान्तिव्यवस्था के आवरण में सम्पन्न होगा लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024– पुलिस प्रेक्षक**

**प्रेक्षकगणों को जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किये गये तैयारियों से कराया अवगत**

अमन लेखनी समाचार

बलिया ।लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सलेमपुर और बलिया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक मोहम्मद अली शिहाब व हरबंस सिंह ब्रैस्कोन, पुलिस प्रेक्षक वेदमूर्ति सीबी व हिंगलाजदान, व्यय प्रेक्षक बालासुब्रमण्यम अनंतनारायण व वेंकटेश एस और जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा की उपस्थिति में सभी नोडल, एआरओ व चुनाव में लगे अधिकारियों के साथ बैठक कर अब तक की गयी तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

सामान्य प्रेक्षकों ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के नियमों व निर्देशों के अनुसार एवं आदर्श आचार संहिता के आवरण में निर्वाचन को सम्पन्न कराना सभी अधिकारी सुनिश्चित करेंगे। समय-समय पर दिये गये प्रशिक्षण व निर्देशों को गम्भीरता व सर्तकता के साथ समझें ताकि मतदान प्रक्रिया में कही कोई समस्या न आए। उन्होंने सभी एआरओ को निर्देशित किया कि एक बार पुनः सभी बूथों का भ्रमण कर मतदान केंद्रों की आधारभूत सुविधाएं जैसे पानी, पंखा, रोशनी, छायादार विश्राम स्थल, शौचालय, आदि की व्यवस्था अवश्य सुनिश्चित करा ले। कहा कि जो भी कार्ययोजना बनाई गई है उसे सही ढंग से लागू किया जाए। भारत निर्वाचन आयोग की जो भी गाइडलाइंस है उसी के अनुसार सारी प्रक्रिया पूर्ण की जाए और आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अखबारों में निकलने वाले पेड न्यूज पर कड़ी निगरानी रखते हुए नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पुलिस प्रेक्षकों ने लोकसभा निर्वाचन के दृष्टि क्षेत्र में कानून व शान्तिव्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन द्वारा लगाये गये पुलिस बलों की ड्यूटी, सीपीएमएफ आदि कानून व्यवस्था के विभिन्न बिन्दुओं की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि दोनों लोकसभा क्षेत्रों में कानून व्यवस्था के आवरण व शान्तिपूर्ण वातावरण में मतदान संपन्न कराना सुनिश्चित कराये। उन्होंने सभी चेकपोस्टों (अंतरराज्यीय/अंतर्जनपदीय) पर तैनात एफएसटी और एसएसटी को सक्रिय रूप से कार्रवाई करने तथा जहां पर कम कार्रवाई हो रही है, वहां बढ़ाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक को चुनाव कार्य में लगे सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को ब्रीफ करने और पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को बेहतर सामंजस्य स्थापित कर लीगल कारवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने जनपद के अवेलेबल और नॉन अवेलेबल वारंट जारी करने का निर्देश दिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने दोनों संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं पर प्रेक्षकों को जानकारी दी और बताया कि मतदान कार्मिकों को प्रयोगात्मक और सैद्धांतिक दोनों प्रकार का प्रशिक्षण दिया गया है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। ईवीएम मैनेजमेंट के तहत प्रथम रेंडमाइजेशन हो चुका है। आचार संहिता का अक्षरशः पालन कराने के लिए गठित टीमें सक्रिय रूप से अपना काम कर रही हैं। उन्होंने मैटेरियल मैनेजमेंट, ट्रांसपोर्ट, एपिक, मतदाता सूची, पोलिंग पार्टियों की रवानगी, एफएसटी, एसएसटी एवं वीएसटी की कार्रवाई सहित अन्य बिंदुओं के बारे में प्रेक्षकों को जानकारी दी। कहा जनपद की सभी बूथों पर निर्धारित न्यूनतम मिनिमम सुविधाओं को सुनिश्चित कर लिया गया है। विकास भवन सभागार स्थित निर्वाचन कन्ट्रोल रूम में डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेन्टर, सी-विजिल, मीडिया प्रमाणन अनुवीक्षण समिति, कन्ट्रोल रूम को क्रियाशील किया गया है। प्रत्याशी द्वारा लिये जाने वाले सभी अनुमति हेतु एकल खिड़की व्यवस्था के लिए परमिशन सेल संचालित है।

## फर्जी ट्रक मालिक बताकर हड़पे लाखों रुपए, पीड़ित ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। पीड़ित युवक ने अपने मोहाल के एक युवक पर फर्जी ट्रक मालिक बताकर लाखों रुपए ठगने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। कस्बे के मोहल्ला हुसैनगंज निवासी पीड़िता फरीद उद्दीन पुत्र अब्दुल गफ्फार ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया की हुसैनगंज निवासी सरफराज अहमद उर्फ भम्भा ने उससे एक ट्रक जिसका नम्बर यूपी 71 टी 3736 का मालिक बताकर उक्त ट्रक पर साझेदार बनाने के लिए 3,50,000 रूपए चेक द्वारा मुझसे लिए है। जब प्रार्थी को पता लग की उक्त ट्रक का मालिक आरिफ पुत्र अब्बास निवासी दीवान सहीद बाबा के पास का है, जिसे उक्त सरफराज ने किराये पर लिया है। वहीं बताया की जब मैंने उक्त सरफराज से अपने पैसे मांगे तो उसने 60,000 रूपए वापस किए हैं और बाकी 2,90,000 रूपए नहीं दे रहा है। मांगने पर विवाद पर अमादा हो गया है। जिसपर कारवाई की मांग करतें हुए उक्त रूपए वापस दिलाने की पुलिस से गुहार लगाई है। वहीं कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया की इस मामले में उन्हें कोई जानकारी प्राप्त नही हुई है, अगर मामला संज्ञान में आता है तो जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी। उक्त मामले में सरफराज अहमद द्वारा बताया गया की ट्रक लेने के मामले में मैंने इनसे पैसे लिए थे और जिसमें 60,000 वापस कर दिए हैं उक्त बचे रूपए देने के लिए डेढ़ वर्ष का एग्रीमेंट हुआ था, हम दोनों पक्षों के बीच बीते माह राजीनामा भी हो चुका है जिसमें की मैं उक्त पैसा डेढ़ वर्ष के अंदर चुका दूंगा।

## लाइसेंस/शस्त्र प्राप्त करने की सूचनाः नगर मजिस्ट्रेट

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली, नगर मजिस्ट्रेट/प्रभारी अधिकारी (आयुध) बाबू राम ने बताया है कि मा0 उच्च न्यायालय, लखनऊ में योजित रिट याचिका संख्या सी-9426 ऑफ 2023 मंसूर अहमद बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में पारित आदेश 28 अक्टूबर 2023 एवं दिनेश कुमार पुत्र स्व0 मैकूलाल निवासी पूरे बबुरिहा थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी द्वारा वरासत के आधार पर प्राप्त लाइसेंस/शस्त्र प्राप्त करने हेतु मा0 न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट, रायबरेली वाद संख्या-845/2022 अन्तर्गत धारा 14 (1) यूपीजी एक्ट, थाना कोतवाली नगर, रायबरेली में पारित आदेश 14 अगस्त 2023 के अनुपालन हेतु आयुध अधिनियम नियमावली 2016, के चैप्टर शकक में आयुधों के डिस्पोजल के सम्बन्ध में दी गयी प्रक्रिया एवं प्राविधानों को दृष्टिगत रखते हुए जिला मजिस्ट्रेट के आदेश 29 अप्रैल 2024 के अन्तर्गत 04 सदस्यीय कमेटी गठित की गयी है तथा उक्त अनुज्ञापियों एवं अन्य अनुज्ञापियों के शस्त्र रिलीज किए जाने हेतु 24 मई 2024 तिथि निर्धारित की गया है। गठित कमेटी में नगर मजिस्ट्रेट, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर रायबरेली, संयुक्त निदेशक अभियोजन एवं अतुल गुप्ता निवासी 8/24 सत्यनगर थाना कोतवाली नगर रायबरेली है।

नगर मजिस्ट्रेट ने कहा है कि उक्त कमेटी 24 मई 2024 को प्रातः 11.00 बजे एस0 विलायत अली एण्ड सन्स कैपरगंज, रायबरेली, सील शस्त्र व्यावसायिक दुकान को खुलवाकर कमेटी की उपस्थिति में वीडियोग्राफी के साथ दुकान में जमा आयुधों को उनके वैध अनुज्ञापियों के पक्ष में रिलीज कराने एवं शेष बचे आयुधों को स्थानांतरित कराये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करायेगी। तत्पश्चात शस्त्र व्यवसायिक दुकान को पुनः सीज कर दिया जाए। इसके अतिरिक्त कमेटी द्वारा शस्त्र रिलीज करते समय अनुज्ञापियों से इस आशय का शपथ पत्र भी प्राप्त किया जायेगा कि शस्त्र किसी अभियोग में वांछित नहीं हैं।

## चार दशक के इतिहास में पहली मर्तबा सदर क्षेत्र में नहीं हुई कोई जनसभा

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। पिछले चार दशक के बाद यह पहला लोकसभा चुनाव है जिसमें किसी भी दल के बड़े नेता सुमेरपुर कस्बा सहित सदर विधानसभा क्षेत्र के किसी स्थान पर जनसभा नहीं कर रहे हैं।

हमीरपुर महोबा तिंदवारी लोकसभा सीट पर पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होना है। इसके लिये चुनाव प्रचार चरम पर है। राजनीतिक पारा लगातार चढ रहा है। सभी दलों के नेता लोकसभा क्षेत्र को मंथने में जुटे हुए हैं। पहली मर्तबा है कि जब कोई बड़ा नेता सदर विधानसभा सीट पर जनसभा करने नहीं आ रहा है। 80 का दशक आते-आते यहां पर पहली मर्तबा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने यहां आकर लोगों को संबोधित किया था। उसके बाद 1996 एवं 1998 के चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने गंगा चरण राजपूत के पक्ष में जनसभा की थी। इसके बाद यहां पर सभी दलों के वीआईपी नेताओं के आने का सिलसिला बन गया। राजनाथ सिंह, राहुल गांधी, अखिलेश यादव, बाबू सिंह कुशवाहा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आदि ने सुमेरपुर कस्बे के गायत्री तपोभूमि में जनसभाओं को संबोधित किया है। 1990 के बाद ऐसा कोई चुनाव नहीं हुआ जिसमें प्रमुख दलों के किसी बड़े नेता ने सुमेरपुर आकर सभा न की हो। यह पहला चुनाव होने जा रहा है जिसमें किसी भी दल का बड़ा नेता सुमेरपुर के साथ सदर विधानसभा क्षेत्र में नहीं आया है। अभी तक भाजपा के पक्ष में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या चरखारी, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह महोबकंठ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महोबा एवं पैलानी में सभा कर चुके हैं, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राठ आ रहे हैं। सपा नेता अखिलेश यादव की जनसभा 16 मई को महोबा में होनी थी लेकिन प्रशासन ने अनुमति नहीं दी है। बसपा का कोई बड़ा नेता अभी तक नहीं आया है।

सदर विधानसभा सीट पर ज्यादातर नेता सुमेरपुर के अलावा मौदहा आते रहे हैं। मौदहा मुस्लिम एवं क्षत्रिय बाहुल्य क्षेत्र है। मौदहा में मान्यवर कांशीराम, बहन मायावती, सपा सुप्रीमो स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव, आजम खान, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी की सभाएं चुनावी इतिहास में हुई हैं। यह चार दशक का पहला चुनाव है जिसमें किसी भी दल का स्टार प्रचारक यहां नहीं आया है। कुछ लोगों का मानना है कि सुमेरपुर के गायत्री तपोभूमि में जिस दल के नेता का कार्यक्रम अभी तक हुआ है उस दल के नेता की सरकार केंद्र एवं प्रदेश में अवश्य बनी है। सपा मुखिया अखिलेश यादव 2012 में जब क्रांति रथ लेकर यहां आए थे, तब सरकार बनाने में सफल हुए थे। इसके बाद भाजपा नेता राजनाथ सिंह, योगी आदित्यनाथ सिंह की जनसभा तपोभूमि में हुई और केंद्र एवं प्रदेश की सरकार बनाने में सफल हुये हैं।

## कथा में रुक्मिणी विवाह प्रसंग व सुदामा चरित्र का ब्यास ने सुनाया प्रसंग

अमन लेखनी समाचार

कुरारा ।कस्बे में बस स्टैंड के समीप में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में गुरुवार को रुक्मिणी विवाह प्रसंग व सुदामा चरित्र का वर्णन सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कानपुर आए कथावाचक आचार्य प. अम्बिका प्रसाद त्रिपाठी ने कथा का रसपान कराते हुए कहा कि विदर्भ के राजा भीष्मक के घर रुक्मिणी का जन्म हुआ। बाल अवस्था से भगवान श्रीकृष्ण को सच्चे हृदय से पति के रूप में चाहती थीं। लेकिन भाई रुक्मिणी का विवाह शिशुपाल के साथ कराना चाहता था। रुक्मिणी ने अपने भाई की इच्छा जानी तो उसे बड़ा दुख हुआ। अतः शुद्धमति के अंतपुर में एक सुदेव नामक ब्राह्मण आता जाता था। रुक्मिणी ने उस ब्राह्मण से कहा कि वे श्रीकृष्ण से विवाह करना चाहती हैं। सात श्लोकों में लिखा हुआ मेरा पत्र तुम श्रीकृष्ण तक पहुंचा देना। कथावाचक ने बताया कि रुक्मिणी ने स्वयं को प्राप्त करने के लिए उपाय भी बताया। पत्र में रुक्मिणी ने बताया कि वह प्रतिदिन पार्वती की पूजा करने के लिए मंदिर जाती हैं, श्रीकृष्ण आकर उन्हें यहां से ले जाओ। पत्र के माध्यम से रुक्मिणी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि आप इस दासी को स्वीकार नहीं करेंगे तो मैं हजारों जन्म लेती रहूंगी। मैं किसी और पुरुष से विवाह नहीं करना चाहती हूं। आचार्य ने बताया कि पार्वती के पूजन के लिए जब रुक्मिणी आई, उसी समय प्रभु श्रीकृष्ण रुक्मिणी का हरण कर ले गए। अतः रुक्मिणी के पिता ने रीति रिवाज के साथ दोनों का विवाह कर दिया। इंद्र लोक से सभी देवताओं द्वारा पुष्पों की वर्षा की तथा खुशियां लुटाई। इसके बाद सुदामा चरित्र का वर्णन किया गया। कथा में परीक्षित प्रेमा सिंह मौजूद रही वही कस्बे टप्पू सिंह, श्रीबाबू शिवहरे, लल्ला गुप्ता आदि मौजूद रहे वही सैकड़ो की संख्या में पधारे श्रोताओं ने कथा का रसपान किया। वही आयोजको ने बताया कि शुक्रवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## लॉ-कालेज के प्रबंधक/प्रधानाचार्य के साथ बैठक आहूत



अमन लेखनी समाचार

बलिया। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं अशोक कुमार-सप्तम, माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के आदेशानुसार हरीश कुमार-द्वितीय, अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया की अध्यक्षता में आज दिनांक 16.05.2024 को समय 10:30 बजे जनपद बलिया के समस्त लॉ-कालेज के प्रबंधक/प्रधानाचार्य के साथ एक आवश्यक बैठक आहूत की गयी।

हरीश कुमार-द्वितीय, अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया द्वारा बैठक में उपस्थित प्रबंधक/प्रधानाचार्य को अवगत कराया गया कि जनपद में स्थापित लॉ-कालेजों के छात्र/छात्राओं के लिए समर इंटर्नशिप प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे है। इच्छुक अभ्यर्थी (लॉ स्टूडेंट) अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप पर (आवेदन पत्र के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज की छायाप्रति संलग्न करते हुए) समस्त औपचारिताओं को पूर्ण करते हुए कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया के कार्यालय में 25 मई को अपरान्ह 01 बजे तक प्राप्त करा सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए जिला न्यायालय की वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकता है। उक्त बैठक में हरिशंकर प्रसाद विधि महाविद्यालय के प्रधानाचार्य अभय कुमार श्रीवास्तव, बाबा रामदल राजेन्द्र सिंह लॉ-कालेज के प्राधानाचार्य प्रशान्त कुमार सागर एवं नरहेजी विधि महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 बलराम जे0 राय उपस्थित थे।

## सपा प्रत्याशी के लिए पूर्व अध्यक्ष ने मांगे वोट

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर। इंडिया गठबंधन के समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी अजेंद्र कुमार सिंह राजपूत के समर्थन मे माया बाल्मीकि सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी समाजवादी पार्टी /पूर्व चैयरमैन ने ग्राम ककरौऊ, बेरी, देवीगंज, कस्बा कुरारा के वार्ड नंबर 04 मे बैठक कर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को वोट देने की अपील की ।माया बाल्मीकि ने अनुसूचित जाति के लोगो के साथ बैठक कर कहा कि भाजपा सरकार संबिधान मे दिये गये अधिकार को खत्म करना चाहती है ।इसलिए लोकतंत्र को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी को वोट दे। इसी मे समाज का हित है ।इस मौके पर श्रीमती वर्षा नामदेव नगर अध्यक्ष कुरारा सपा, राजीव कुमार कठेरिया, मनीष कुमार बाल्मीकि, सोनू बाल्मीकि, लल्लू बाल्मीकि आदि बाल्मीकि समाज के लोग उपस्थित रहे।

## खुले बाजार में गेहूं के दाम बढ़ने से सरकारी केंद्रों में पसरा सन्नाटा

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। गेहूं के दामों में अचानक उछाल आने से सरकारी क्रय केंद्रों में सन्नाटा पसर गया है। गत सोमवार से सरकारी केंद्र बोहनी को तरस रहे हैं। कस्बे में इस वर्ष आधा दर्जन सरकारी गेहूं खरीद केंद्र खोले गए हैं। इनमें क्षेत्रीय सहकारी समिति, क्रय विक्रय सहकारी समिति, पीसीएफ किसान सेवा केंद्र, विपणन शाखा, भारतीय खाद्य निगम एवं मंडी परिषद का क्रय केंद्र शामिल है। गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपए घोषित है। 12 मई के पूर्व खुले बाजार में गेहूं का मूल 2250 रुपए प्रति कुंतल के आसपास टिका हुआ था लेकिन 13 मई के बाद यह अचानक उछलकर 2285 से लेकर 2300 रुपए प्रति कुंतल तक हो गया है। खुले बाजार में अचानक दामों में उछाल से सरकारी केंद्रों में सन्नाटा पसर गया है। 13 मई से सरकारी क्रय केंद्र बोहनी को तरस रहे हैं। सरकारी केंद्रों के प्रभारियो ने बताया कि बाजार में गेहूं के दाम बढ़ने से किसान केंद्रो की तरफ नहीं बल्कि बाजार की तरफ जा रहा है। इससे केंद्रों में सन्नाटा पसरा है। वहीं किसानों का अनुमान है कि चुनाव बाद गेहूं के दाम 2500 रुपए कुंटल तक पहुंच सकते हैं। इससे तमाम किसान अभी गेहूं बेचने से कतरा रहे हैं।

### मदीना के लिए रवाना हुआ हज यात्रियों का जत्था

अमन लेखनी समाचार

मौदहा हमीरपुर। कस्बा सहित क्षेत्र के लगभग दो दर्जन से अधिक हज यात्रियों का जत्था मदीना के लिए रवाना हो गया है। जो आज लखनऊ से सऊदी अरब (मक्का-मदीना) पहुंच जाएंगे। गुरुवार को कस्बा सहित क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक हज यात्रियों का जत्था मदीन (सऊदी अरब) के लिए रवाना हो गया है। जो लगभग एक माह बाद वापस अपने वतन लौटेंगे। जिला हज ट्रेनर हाजी जहांगीर ने बताया की जनपद से कुल 46 हज यात्री है, जिसमें मौदहा कस्बा सहित क्षेत्र के 38 हज यात्री हज के लिए रवाना हुए हैं। जो आज लखनऊ हवाई जहाज से सऊदी पहुंचेंगे और हज की यात्रा पूरी करेंगे। हज को जाने वाले हाजियों को मोहाल के लोगों ने फूल मालाओं से विदा किया और गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी। वहीं नगर के फत्तेपुर निवासी डॉ हसीब अहमद भी हज के लिए रवाना हुए हैं। जिनको मोहाल सहित सैकड़ों चाहने वालों ने फूल मालाओं से लादकर विदा किया है।

## एस0एस0टी0 टीम द्वारा इक्यावन लाख रुपये बरामद

अमन लेखनी समाचार

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत क्षेत्र में SST टीम में तैनात कार्यपालक मजिस्ट्रेट कर्मवीर व उ0नि0 प्रकाश सरोज मय टीम द्वारा राणा पेट्रोल पम्प बैरियर के पास कस्बा रूपईडीहा में चेकिंग की जा रही थी कि दौराने चेकिंग समय करीब 23.00 बजे एक वाहन हुंडई 20 नं. वढ80एल 6215 को चेकिंग हेतु रोका गया तो चालक रवि कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 दीपक कुमार निवासी काजी कटरा थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच व बगल में बैठे धानाजी शिन्दे पुत्र उल्लाहास राव नि0 काजीपुरा थाना को0नगर जनपद बहराइच की गाड़ी के पीछे की सीट के पास एक सफेद प्लास्टिक की बोरी में 500 रुपये के 10000 नोट कुल 50,00,000.00 रुपये, 100 रुपये के 400 नोट कुल 40,000.00 रुपये, 500 के 81 नोट कुल 40500.00 रुपये, 200 के 90 नोट कुल 18000 रुपये तथा 500 के 4 नोट कुल 2000 रुपये इस तरह से कुल 51,00,500.00 (इक्यावन लाख पाँच सौ मात्र) बरामद किया गया ।उक्त बरामद शुदा धनराशि को लेकर थाना रूपईडीहा लाया गया जहाँ पर क्षेत्राधिकारी महोदय पयागपुर हीरालाल कनौजिया तथा नायब तहसीलदार नानपारा शैलेश कुमार अवस्थी तथा प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह की मौजूदगी में उक्त बरामद धनराशि की वीडियोग्राफिंग करते हुए काउन्टिंग करायी गयी । उक्त बरामद धनराशि के संबंध में संबंधित विभाग/आयकर विभाग को सूचना दिया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है ।

## पोस्टल सोसाइटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन डॉ अरविन्द वर्मा ने पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र का लिया जायजा

**पासपोर्ट बनाकर रखना हर इंसान के लिए जरुरी –डॉ अरविन्द वर्मा, चेयरमैन**

**वर्ष 2024 में 15 मई तक कुल 522 पासपोर्ट लोगों ने बनवाया, खगड़िया पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र में**



अमन लेखनी समाचार

खगड़िया। पोस्टल सोसाइटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन डॉ अरविन्द वर्मा ने ज़िला मुख्यालय स्थित मुख्य डाकघर अहाते में बने पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र का निरीक्षण किया और स्थिति का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित मीडिया को संबोधित करते हुए चेयरमैन डॉ अरविन्द वर्मा ने कहा वर्ष 2019 में खगड़िया में पासपोर्ट सेवा केन्द्र की स्थापना भारत सरकार के विदेश मंत्रालय द्वारा किया गया। विगत 25 फरवरी 2019 को स्थापित पासपोर्ट सेवा केन्द्र में प्रथम पासपोर्ट बनाने का सौभाग्य मुझे मिला, और उद्घाटन हुआ था। उद्घाटन के दिन मात्र छः व्यक्ति ही पासपोर्ट बनाए थे। वर्ष 2024 में जनवरी में 84, फरवरी में 134, मार्च में 97, अप्रैल में 149 तथा मई महीने में 15 मई तक कुल 58 इस प्रकार वर्ष 2024 में 15 मई तक कुल 522 पासपोर्ट लोगों ने बनवाया। आगे डॉ वर्मा ने कहा स्थापना काल 2019 से अबतक लगभग 6529 पासपोर्ट बन चुका है, जिसमें वर्ष 2023 में अन्य वर्षों की तुलना में सबसे अधिक 2063 पासपोर्ट बना था। पासपोर्ट बनाने की प्रक्रिया एवं लगने वाले चार्ज के बारे में मीडिया द्वारा पूछने पर डॉ अरविन्द वर्मा ने कहा प्रक्रिया बिल्कुल आसान है इच्छुक व्यक्ति घर बैठे ऑन लाइन आवेदन करें। रजिस्ट्रेशन करते ही आपको किस तिथि को कितना बजे पासपोर्ट सेवा केन्द्र में जाना है आपको जानकारी मिल जायेगी। निर्धारित तिथि को निर्धारित समय पर जाएं। सर्टिफिकेट की जांच एवं फोटोग्राफी होगी। बस, पुलिस वेरिफिकेशन होने के बाद आपके घर पर पासपोर्ट बनकर निबंधित डाक से पहुंच जायेगा। पासपोर्ट बनाने का सरकारी शुल्क है - समान्य व्यक्ति हेतु 36 पेज वाला पासपोर्ट के लिए 1500/- एक हजार पांच सौ रुपए, 60 पेज वाला पासपोर्ट के लिए 2000/- दो हजार रुपए, वरीय नागरिक के लिए छूट सहित मात्र 1300 /- एक हजार तीन सौ रुपए। 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए पासपोर्ट बनाने का शुल्क है मात्र 900 /- रुपए। आगे डॉ अरविन्द वर्मा ने कहा दसवीं या इससे कम पढ़े लिखे लोगों को अपना आधार कार्ड और पैन कार्ड के साथ पासपोर्ट केन्द्र जाना होगा, ऐसे लोगों को ई सी आर पासपोर्ट मिलेगा। जबकि दसवीं से ज्यादा पढ़े लिखे लोगों को आधार कार्ड, पैन कार्ड के साथ साथ शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र भी साथ पासपोर्ट केन्द्र में ले जाना होगा, ऐसे लोगों को नॉन ई सी आर पासपोर्ट मिलेगा। पोस्टल सोसाइटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन डॉ अरविन्द वर्मा ने कहा वैश्वीकरण युग में हर इंसान को पासपोर्ट अवश्य बनवा कर रखना चाहिए क्यों कि कब, किस इंसान को विदेश जाना पड़ जाय। उक्त अवसर पर पासपोर्ट कर्मी अनिल कुमार भी उपस्थित थे।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

# टिमोथी स्पाल की झोली में गिरा सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का अवॉर्ड



बाफ्टा टीवी अवॉर्ड्स का प्रसारण लंदन के स्थानीय समय के अनुसार शाम सात बजे से शुरू किया गया। इस साल इस शो की होस्टिंग रोमेश रंगनाथन और रॉब बेकेट ने की है। पूरी दुनिया में इस टीवी शो के दीवाने इस अवॉर्ड नाईट का इंतजार करते रहते हैं। बाफ्टा टीवी अवॉर्ड्स टेलीविजन की दुनिया के प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक पुरस्कार है। इस अवॉर्ड को पाना हर निर्देशक और आर्टिस्ट का सपना होता है। इस साल बाफ्टा टीवी अवॉर्ड्स को जीतने के लिए 'द क्राउन' का सीधा मुकाबला 'सक्सेशन' और 'ब्लैक मिरर' से हो रहा है। वहीं 'द क्राउन' का अंतिम सीजन 2024 के अंत में लॉन्च किया जाएगा। यह शो चार नामांकन के साथ आगे चल रहा है।

बाफ्टा टीवी अवॉर्ड्स का प्रसारण लंदन के स्थानीय समय के अनुसार शाम सात बजे से शुरू किया जाएगा। इस साल इस शो की होस्टिंग रोमेश रंगनाथन और रॉब बेकेट करने वाले हैं। वहीं इस शो को बीबीसी पर प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा इसकी स्ट्रीमिंग बीबीसी आईप्लेयर पर भी की जाएगी। अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में यह शो दोपहर दो बजे के बाद देखा जा सकता है।

बाफ्टा टीवी अवॉर्ड्स की होस्टिंग रोमेश रंगनाथन और रॉब बेकेट करेंगे। वहीं विजेताओं को पुरस्कार देने के लिए 'बेबी रेनडियर' के निर्माता रिचर्ड गैड के अलावा जेफ गोल्डब्लम, मार्टिन फ्रीमैन और एडन टर्नर जैसे सितारे वहां उपस्थित रहने वाले हैं। वहीं अगर विजेताओं की बात करें तो अभी तक सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार जैस्मीन जॉब्सन को 'टॉप बॉय' के लिए मिलने वाला है और मैथ्यू मैकफैडेन 'सक्शेसन' के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही साथ लीडिंग एक्ट्रेस की ट्रॉफी 'हैप्पी वैली' के लिए सारा लंकाशायर को मिला और लीडिंग एक्टर के लिए टिमोथी स्पाल को 'द सिक्स्थ कमांडमेंट' के लिए यह पुरस्कार मिला।

## छॉलीवुड

# छत्तीसगढ़ की पहली डांस फिल्म "नाचा" का मुहुर्त



**रायपुर।** रुद्रांश फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले छत्तीसगढ़ की पहली डांस फिल्म "नाचा" का निर्माण होने जा रहा है। यह फिल्म छत्तीसगढ़ी में होगी। फिल्म का मुहुर्त 12 मई को हुआ। इसमें छत्तीसगढ़ के कई बड़े चेहरे शामिल हुए। इस फिल्म के निर्माता-निर्देशक महेश चंद्राकर हैं। महेश बॉलीवुड में कोरियोग्राफी कर चुके हैं।'नाचा' में मुख्य भूमिका में प्रसिद्ध अभिनेत्री अनिकृति चौहान एवं महेश चंद्राकर में नजर आएंगे। विशेष आकर्षण डांस प्लस प्रो के विनर रितेश पॉल , सुपर डांसर के फर्स्ट रनर उप लक्ष्मण, ऋतिक, कलप्रिता, लावण्या एवं लवनीत होंगे। अन्य प्रमुख कलाकार संजय महानंद, पुष्पेंद्र सिंह एवं अनुराधा दुबे होंगे। इस फिल्म में वेस्टर्न डांस के साथ छत्तीसगढ़ी लोक नृत्यों का तड़का देखने मिलेगा। छत्तीसगढ़ के लोक नृत्य पंथी, राउत नाचा, गेड़ी, सुआ इस फिल्म में नज़र आएंगे। इस फिल्म के एक्सिक्यूटिव प्रोडूसर यशिका वैष्णव, प्रोजेक्ट हेड पूरन किरी, एसोसियेट डायरेक्टर ज़ैदी इम्तियाज एवं क्रिएटिव हेड रोहित श्रीवास्तव हैं। छायांकन गौरव सदौरिया द्वारा किया जायेगा।

## भोजपुरी

# यश कुमार की 100वीं फिल्म 'दिलदार सांवरिया 2' के सेट से तस्वीरें हुईं वायरल



भोजपुरी सिनेमा इंडस्ट्री के यूनिक सुपरस्टार यश कुमार की 100वीं फिल्म 'दिलदार सांवरिया 2' के सेट से फोटोज खूब वायरल हो रही हैं। इसमें यश कुमार और सपना चौहान एक-दूसरे के साथ रोमांस करते हुए नजर आ रहे हैं। इन वायरल तस्वीरों ने फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। बता दें कि इसकी शूटिंग हाल ही में पूरी हुई है। यश कुमार की भोजपुरी फिल्म 'दिलदार सांवरिया 2' का भव्य निर्माण तन्वी मल्टीमीडिया के बैनर से किया गया है। फिल्म के प्रोड्यूसर दीपक शाह है। फिल्म की शूटिंग भव्यता के साथ हुई है। इसमें यश कुमार के साथ सपना चौहान की केमिस्ट्री शानदार होने वाली है, क्योंकि उन्होंने इस फिल्म में बेहतरीन काम किया है। इस बारे में यश कुमार ने कहा, 'सपना चौहान बेहद प्रतिभाशाली अदाकारा हैं। इस फिल्म में हमारी केमिस्ट्री लोगों को पसंद आएगी। यह पूरी फिल्म दर्शकों को खूब एंटरटेन करेगी। अभी हमने फिल्म की शूटिंग पूरी की है, जल्द ही इसके पोस्ट प्रोडक्शन का काम शुरू हो जाएगा।' यश कुमार ने बताया कि फिल्म 'दिलदार सांवरिया 2' एक प्योर रोमांटिक फिल्म है और यह भोजपुरी सिनेमा की सबसे खूबसूरत फिल्मों में से एक होगी। उन्होंने कहा, 'यह मेरी फिल्मों की सेंचुरी है, इसलिए भी मेरे लिए खास है और मैं शुक्रगुजार हूं इस फिल्म के निर्माता का, जिन्होंने इस फिल्म को खास बनाने के लिए पूरे की जान लगा दिया है। इसके बाद हम सभी ने मिलकर फिल्म में अल्टीमेट काम करने की पूरी कोशिश की है, लेकिन फाइनल डिसीजन भोजपुरी सिने प्रेमियों को लेना है कि फिल्म उन्हें कैसी लगी।

## जेंडया का शानदार लुक

लाइफ स्टाइल



हॉलीवुड की मशहूर मॉडल और अभिनेत्री ज़ेंडया ने मेट गाला के सह-अध्यक्ष के रूप में अलग-अलग पोशाक के साथ प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया किया। ज़ेंडया का पहला लुक मेसन मार्जिएला के लिए जॉन गैलियानो द्वारा धातु के पक्षियों, पत्तियों और प्रकृति के अधिक संकेतों से परिपूर्ण एक जलपरी आकार वाली ऑर्गेना पोशाक थी। इस लुक को तैयार करने के लिए अभिनेत्री ने अपने लंबे समय के स्टाइलिस्ट लॉ रोच के साथ काम किया। ज़ेंडया की इस पहल को फैंस की खूब तारीफ मिली।

# चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए इन टिप्स से करें आईब्रो को घना

हर एक महिला की आईब्रो की डेंसिटी अलग-अलग होती है। वहीं कुछ महिलाओं की आईब्रो कुछ ज्यादा ही घनी होती हैं, तो किसी की पतली। भले ही आपकी स्किन टोन कुछ भी हो लेकिन चेहरे का निखार तब बाहर आता है जब आईब्रो की शेप सही होती है। इसलिए महिलाएं अपनी आईब्रो को लेकर काफी सचेत रहती हैं। पार्लर में भी आइब्रो बनवाते हुए कई बार चीजों को बताती हैं।

वहीं कुछ ऐसी होती हैं जो उन्हें घना करने के लिए मार्केट में मिलने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं। अगर आप चाहे तो इसके लिए घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आईब्रो घनी भी दिखाई देंगी साथ ही रंग भी गहरा हो जाएगी। इन घरेलू नुस्खों में किसी तरह का कोई भी केमिकल का इस्तेमाल नहीं किया जाता। इसलिए आपको कोई भी साइड इफेक्ट नहीं होगा। आप चाहे तो एक्सपर्ट की सलाह लेकर भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।



### घनी आईब्रो के लिए इस्तेमाल करें एलोवेरा

हेल्थ, स्किन और बालों के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल घर में किया जाता है। इसके इस्तेमाल की सलाह हमारी नानी और दादी भी देती हैं। एलोवेरा जेल में एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। बालों की ग्रोथ के लिए काफी अच्छा होता है।

### इस तरह करें एलोवेरा उपयोग

इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले एक कटोरी में एलोवेरा जेल लें। फिर इसे अपनी आईब्रो (आईब्रो के लिए तेल का इस्तेमाल) में लगाकर अच्छे से मसाज करें। इसे दिन में बार अपनी आइब्रो पर लगाएं। और अच्छे से मसाज करें। इसके इस्तेमाल से आइब्रो की ग्रोथ जल्दी ही बढ़ने लगेगी। आप चाहे तो एलोवेरा के साथ ऑलिव ऑयल का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

### घनी आईब्रो के लिए करें प्याज के रस का इस्तेमाल

जैसे ही घने और मजबूत बालों के लिए हम प्याज के रस का इस्तेमाल करते हैं वैसे ही हम आईब्रो (आईलैशेज के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे) के लिए भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

# जंपसूट के ये ट्रेंडी डिजाइन कॉकटेल पार्टी में करें स्टाइल, लगेंगी ब्यूटीफुल




पार्टी में जाने के लिए हम अक्सर अलग-अलग तरह के आउटफिट को ट्राई करते हैं। ऐसा इसलिए ताकि स्टाइलिश के साथ-साथ हम खूबसूरत नजर आए। लेकिन कुछ आउटफिट ऐसे होते हैं जो दिखने में तो अच्छे होते हैं फिर भी स्टाइल करने पर उनमें लुक अच्छा नजर नहीं आता है। ऐसे में आप अपने आउटफिट लुक को चेंज करें और इस बार पार्टी के लिए जंपसूट को स्टाइल करें। इसमें आपको कई सारे अलग-अलग ऑप्शन मिल जाएंगे। जिन्हें वियर करना भी काफी आसान है साथ ही ये दिखने में स्टाइलिश भी लगते हैं।



### सीक्वेंस वर्क जंपसूट डिजाइन

कॉकटेल पार्टी के लिए आपको कई तरह के आउटफिट डिजाइन मिल जाएंगे। जिनमें से आप सीक्वेंस वर्क वाले जंपसूट को वियर कर सकती हैं। इसमें आपको अपर साइड वर्क मिलेगा। नीचे की ओर प्लेन डिजाइन मिलेगा। अगर आप चाहे तो पूरे जंपसूट को सीक्वेंस वर्क डिजाइन में खरीद सकती हैं। इमें आपको अलग-अलग तरह के कलर ऑप्शन मिल जाएंगे। मार्केट से आपको यही जंपसूट 250 से 500 की रेंज में मिल जाएगा।

### वन शोल्डर जंपसूट डिजाइन

अगर आपको लुक पार्टी लुक को स्टाइलिश बनाना है तो इसके लिए आप वन शोल्डर जंपसूट डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको काफी अच्छे-अच्छे डिजाइन मार्केट में मिल जाएंगे। आप चाहे तो फुल जंपसूट की तरह हाफ जंपसूट को खरीदकर पार्टी में वियर कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग तरह के कलर मिल जाएंगे। जिसे आप अपनी पसंद के हिसाब से खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

### प्रिंटेड जंपसूट डिजाइन

कई सारी लड़कियां होती हैं जिन्हें पार्टी में ज्यादा हैवी आउटफिट पहनना पसंद नहीं होता। ऐसे में आप प्रिंटेड जंपसूट डिजाइन (ग्राफिक प्रिंट आउटफिट डिजाइन) को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग प्रिंट मिल जाएंगे। जैसे-पैंथर प्रिंट, फ्लोरल प्रिंट, जिक जैक प्रिंट और पोल्का डॉट प्रिंट।

# इन घरेलू और आसान उपाय से चमक उठेंगे आपके बाल

खूबसूरत बाल पाने के लिए आजकल मार्केट में कई प्रोडक्ट्स आपको मिल जाएंगे, लेकिन वे आपके लिए कितने असरदार है और कितने नुकसानदायक? इसका मालूम कर पाना जरा मुश्किल है। वहीं बदलते मौसम और सही पोषण न मिल पाने के कारण हमारे बालों की चमक धीरे-धीरे फीकी पड़ने लगती है। बता दें कि इसके लिए आप घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं।



### बालों में दही लगाने के फायदे

दही रुसी की समस्या को कम करने में मदद करती है। ड्राईनेस को कम करने और बालों को पोषण देने में सहायता करती है। बालों के लिए नेचुरल कंडीशनर की तरह काम करता है।

### मेथी दाना को बालों में लगाने के फायदे

मेथी दाना बालों की ग्रोथ में मदद करता है। साथ ही पतले बालों को वॉल्यूम देने का भी काम करता है। इसके अलावा हेयर ग्रोथ में भी मेथी दाना बेहद फायदेमंद होता है।

### क्या करें?

बालों को घना बनाने के लिए सबसे पहले मेथी दाने को बारीक पीस लें और छान लें। मेथी दाने को छान लेने के बाद इसे करीब 1 से 2 घंटे तक भिगोकर रख दें। इसे सूखाने के बाद आप इसमें 3 से 4 चम्मच दही को मिलायें। इन दोनों चीजों को मिक्स करके बालों की स्कैल्प से लेकर लेंथ तक में लगायें। बालों में करीब 1 घंटे तक इसे लगा रहने दें। इसके बाद पानी की मदद से बालों को धो लें। बालों को पानी की मदद से अच्छी तरह से धो लें।

# एक्ने से लेकर सूजन तक को कम करने में मदद करता है लौंग का पानी

लौंग का इस्तेमाल खाने से लेकर दांत के दर्द तक को ठीक करने के लिए किया जाता है। लौंग की चाय बेहद पसंद की जाती है। लौंग खाने से भी कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। क्या आप जानती हैं कि लौंग का पानी भी फायदेमंद होता है। लौंग के पानी का उपयोग त्वचा पर भी किया जाता है। इस विषय पर हमने शहनाज हुसैन से बात की है, उन्होंने हमें चेहरे पर लौंग का पानी लगाने के फायदे बताए हैं।

### क्या लौंग का पानी चेहरे पर लगाना अच्छा है?

आप चेहरे पर लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके उपयोग से त्वचा की रंगत निखरती है। साथ ही, एक्ने ब्रेकआउट्स भी नहीं होते हैं। अगर लौंग का पानी लगाने के बाद चेहरे पर जलन और खुजली जैसी समस्या होने लगे, तो तुरंत चेहरा धो लें।

### क्या लौंग के पानी से मुंहासे ठीक होते हैं?

ऑयली स्किन पर पिंपल्स आसानी से हो जाते हैं। पिंपल्स के कारण चेहरा भद्दा नजर आता है। पिंपल्स कम करने के लिए बाजार में तरह-तरह के प्रोडक्ट्स मिलते हैं, जिनके उपयोग से फायदा होता है, लेकिन



ज्यादा नहीं। चेहरे पर पिंपल्स होने पर आप लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं। लौंग बैक्टीरिया को मारने में मदद करता है, जिससे पिंपल्स नहीं होते हैं।

### क्या मैं रोज अपने चेहरे पर लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हूं?

चेहरे पर मौजूद धूल-गंदगी को साफ करना बेहद जरूरी होता है। अन्यथा, त्वचा डल पड़ने लगती है। गंदी त्वचा पर मुंहासे भी होने लगते हैं। धूल के कारण पोर्स क्लॉग हो जाते हैं, जिससे चेहरे पर ब्लैक और व्हाइटहेड्स होने लगते हैं। लौंग के पानी से आप चेहरे को क्लींज कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

## फेस्टिवल और शादियो के मौके पर साड़िया चुने सावधानी से

# फेस्टिवल पर दिखना है खूबसूरत तो इन साड़ी लुक्स को करें ट्राई

*फेस्टिवल सीजन में हर किसी की अपनी तैयारी होती है। किसी को अपने लिए कपड़े खरीदने होते हैं तो कोई अपने लिए ज्वेलरी की शॉपिंग कर रहा होता है। लेकिन सबसे ज्यादा कंफ्यूजन है साड़ी को लेकर। क्योंकि उनके अलग-अलग डिजाइन आपको मार्केट में मिल जाते हैं। जिन्हें आप अपनी पसंद के हिसाब से खरीदते हैं। ऐसे में आप मार्केट में नए आए साड़ी लुक्स को ट्राई कर सकती हैं। साथ ही उन्हें रीक्रिएट भी कर सकती हैं।*



### हैवी वर्क साड़ी

अगर शादी के बाद ये आपके ससुराल में पहले त्योहार हैं तो ऐसे में आप हैवी वर्क वाली साड़ी डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके की साड़ी में आपको सीक्वेंस वर्क, थ्रेड वर्क और स्टोन वर्क साड़ी खरीद सकती हैं। आप इन्हें डे में पहनेंगी या नाइट में उसके हिसाब से कलर को चूज कर सकती हैं। इस तरीके की साड़ी आपको मार्केट में 500 से 1000 रुपये में मिल जाएगी। इस साड़ी के साथ आप लाइट इयररिंग्स और बोल्ड मेकअप लुक क्रिएट कर सकती हैं।

### सिंपल साड़ी लुक

अगर आप सिंपल दिखना चाहती हैं तो इसके लिए आप शिल्पा शिंदे के इस लुक को ट्राई कर सकती हैं। इसमें उन्होंने सिंपल साड़ी स्टाइल (सिंपल साड़ी स्टाइल करें) की है। जिसमें लाइट वर्क हो रखा है। आप भी इस तरीके की साड़ी को फेस्टिवल में स्टाइल कर सकती हैं। बस आपको इसके कलर को अपने हिसाब से चूज करना होगा।

इस तरीके की साड़ी के साथ आप हैवी वर्क साड़ी को वियर कर सकती हैं। इन साड़ी की खास बात ये होती है कि लाइट वेट होने के साथ-साथ कम्फर्टेबल भी होती है। इन साड़ी के साथ आप हैवी इयररिंग्स और कर्ल हेयर स्टाइल ट्राई कर सकती हैं।

### सिल्क साड़ी करें स्टाइल

कई सारी महिलाएं ऐसी होती हैं जिन्हें सिल्क साड़ी पहनने का काफी शौक होता है। इसके लिए आप हैवी और सिंपल वर्क दोनों तरह की साड़ी (रेडिमेड साड़ी को स्टाइल करने का तरीका) को चूज कर सकती हैं। आप चाहे तो कॉम्बिनेशन करके ब्लाउज भी स्टाइल कर सकती हैं। खास बात ये है कि ये साड़ी सीधे और उल्टे दोनों पल्लू से पहनी जा सकती है। आप इसमें कलर अपनी पसंद के हिसाब से चूज कर सकती हैं। सिल्क की सिंपल साड़ी में भी दिखेंगी लाजवाब, फॉलो करें ये स्टाइल टिप्स इस तरीके की साड़ी के साथ आप ट्रेडिशनल ज्वेलरी को भी वियर कर सकती हैं। साड़ी के ऐसे और भी डिजाइन हैं जिन्हें ट्राई करके आप खूबसूरत लग सकती हैं।